हरिभूमि
# बालोद भूमि
रायपुर, रविवार 15 फरवरी 2026

तापमान
अधिकतम 31.0 डिग्री
न्यूनतम 16.0 डिग्री

लोहारा के आसपास उभर सकता है नया पर्यटन... 12


महाशिवरात्रि पर पुलगांव में जस झांकी का आयोजन 14




Shri Gopala Hospital
श्री गोपाला चाइल्ड एण्ड डेंटल केयर हॉस्पिटल
रत्नाबांधा, दुर्ग रोड, धमतरी
सर्वसुविधायुक्त बच्चों का अस्पताल

बच्चों के संपूर्ण टीकाकरण की सुविधा उपलब्ध

24 घंटे बच्चों के भर्ती व आपातकालीन इलाज

बच्चों के फ्रेक्चर, सर्जरी व ऑपरेशन की सुविधा
सोनोग्राफी, एक्सरे एवं सभी प्रकार के पैथालॉजी जांच सुविधा उपलब्ध

## खबर संक्षेप

### श्रीमद्भागवत कथा श्रवण करने पहुंचीं विधायक



**गुरूर।** नगर पंचायत पलारी में आयोजित श्रीमद भागवत पुराण कथा में संजारी बालोद विधानसभा की विधायक संगीता सिन्हा कथावाचक रुचिता तिवारी के मुखारविंद से श्रीमद भागवत पुराण कथा का श्रवण किया एवं आशीर्वाद प्राप्त करने पहुंचीं। इस अवसर पर तामेश्वर साहू, बसंत सोनबेर, लता सोनबेर, चोवा राम साहू, उमेश कुमार साहू, बसंत साहू, आयोजक समिति के सदस्य यानेश सोन कलिहारी, टेकलाल सोनबेर, पूर्णेश्वर अड़िल, मनोज साहू एवं ग्रामवासी नगर पंचायत पलारी उपस्थित थे।

### महाशिवरात्रि पर्व पर आज रात्रिकालीन कार्यक्रम

**बालोद/कलंगपुर।** महाशिवरात्रि पर्व के पावन अवसर पर जय जोगीमठ बाबा मंदिर के पावन स्थल पर भव्य मेला का आयोजन होता है। जिसके उपलक्ष्य में आस पास के गांव में रात्रिकालीन कार्यक्रम का भी आयोजन रहता है।इसी अवसर पर ग्राम कलंगपुर में स्थानीय महाशिवरात्रि उत्सव समिति नंदी चौंक एवं समस्त ग्रामवासी के तत्वावधान में 15 फरवरी रविवार को रात्रिकालीन कार्यक्रम गांव के मया चम्पा बसन छत्तीसगढ़ी लोक कला नाच पाटऍं की प्रस्तुति रखा गया है।

### हमर फार्म हाउस डेजी फूल से गुलजार



**बालोद।** झलमला जिला बालोद स्थित हमर फार्म हाउस में इन दिनो मनमोहक, सुन्दर डेजी फुल राहगिरो को अपनी ओर आकर्शित कर रहे है। फसल चक्र परिवर्तन के तहत प्रदेश मरार पटेल महासंघ प्रमुख सलाहकार, प्रदेश संयोजक छ.ग सर्व समाज संगठन, किसान, ब्रम्ह देव पटेल ने अपने फार्म हाउस में डेजी फुल की खेती की है। डेजी फुल से भरे हुए दृश्य देखने से ही मन को शांति और प्रसन्नता मिलती है।

### साहू समाज ने पुलवामा शहीदों को दी श्रद्धांजलि



**जामगांव आर।** साहू समाज जामगांव आर अध्यक्ष दयानंद साहू के मार्गदर्शन में पुलवामा के शहीदों को मौन होकर श्रद्धांजलि अर्पित की गई। सभा डॉ हेडगेवार सदन आयोजित की गई। इस अवसर पर डॉ केएस देवांगन, प्राचार्य पीएल बारले एवं गणमान्य सहित स्कूली बच्चों ने भी श्रद्धांजलि अर्पित किए।

**अपराध :** दुष्कर्म के मामले में जेल गया था, 22 जनवरी को जमानत पर हुआ था रिहा

# जमानत पर छूटे आरोपी ने आंगनबाड़ी कार्यकर्ता की हत्या कर खुद लगाई फांसी

हरिभूमि न्यूज ▶▶| बालोद/डौंडीलोहारा


■ दरवाजा बंद कर चाकू से किया हमला, ग्रामीणों ने वेंटिलेटर से देखा मंजर

जिले के देवरी थाना क्षेत्र अंतर्गत ग्राम फरदफोड़ में शुक्रवार को सनसनीखेज घटना सामने आई। दुष्कर्म के मामले में जेल जा चुका आरोपी जमानत पर रिहा होने के बाद आंगनबाड़ी केंद्र पहुंचा और महिला कार्यकर्ता पर चाकू से हमला कर उसकी हत्या कर दी। वारदात के बाद आरोपी ने उसी परिसर में फांसी लगाकर आत्महत्या कर ली। घटना से गांव में दहशत और आक्रोश का माहौल है।

मिली जानकारी के अनुसार मामला देवरी थाना क्षेत्र अंतर्गत ग्राम फरदफोड़ का है, जहां ग्राम फरदफोड़ निवासी लखन लाल देवांगन (57) के खिलाफ गांव की आंगनबाड़ी कार्यकर्ता उगेश्वटी देवांगन (54) ने शादी का झांसा देकर दुष्कर्म का आरोप लगाते हुए शिकायत की थी, जिसके बाद पुलिस ने आरोपी को गिरफ्तार कर लिया था। आरोपी कुछ दिन जेल मे रहा और वहां से जमानत में छुटने के बाद आरोपी लखन लाल आंगनबाड़ी में पहुंचा, और आंगनबाड़ी में मौजूद बच्चो व अन्य कर्मचारियो को बाहर निकालकर अंदर से दरवाजा बंद कर दिया। जिसके बाद आरोपी ने महिला पर चाकू से पेट, गर्दन एवं अन्य जगहो में हमला कर हत्या की उसके बाद युवक ने स्वयं उसी आंगनबाड़ी में फांसी लगाकर आत्महत्या भी कर ली।

**शोरगुल सुन पहुंचे ग्रामीण, पुलिस को दी सूचना-** बच्चों को बाहर देख एवं अंदर मचे शोरगुल के बाद जब ग्रामीण आंगनबाड़ी केन्द्र में पहुंचे एवं वेंटिलेटर से अंदर देखे तो महिला का शव फर्स पर पड़ा था तथा युवक दुपट्टे से फांसी लगा लिया था। जिसके बाद ग्रामीणो ने इसकी जानकारी पुलिस को दी। सूचना मिलते ही देवरी थाना प्रभारी राकेश ठाकुर के नेतृत्व में पुलिस टीम मौके पर पहुंची। दरवाजा तोड़कर अंदर प्रवेश किया गया, जहां उगेश्वरी का शव खून से लथपथ पड़ा था, जबकि लखन का शव फांसी के फंदे से झूल रहा ▶▶|शेष पेज 13 पर

**देवरी थाना क्षेत्र की घटना, पुलिस कर रही है विस्तृत जांच**



**दुष्कर्म के आरोप में जेल गया था आरोपी**

मिली जानकारी के अनुसार कुछ महीने पहले ही आरोपी लखन लाल देवांगन दुष्कर्म के आरोप में गिरफ्तार होने के बाद जेल गया था। जहां से वह 22 जनवरी को जमानत पर रिहा होकर आया था। शुक्रवार को वह चाकू लेकर आंगनबाड़ी केंद्र पहुंच गया। जन चर्चा है कि दोनों के बीच प्रेम प्रसंग पहले से था, लेकिन महिला द्वारा थाने में शिकायत किए जाने के बाद से आरोपी का नाराज था लेकिन वह ऐसा खौफनाक कदम उठाएगा ऐसी किसी को भनक नही लगी।

# ट्रक की टक्कर से बाइक सवार तीन दोस्तों की मौत





हरिभूमि न्यूज ▶▶| बालोद/कुसुमकसा

मोटर साईकिल खड़ी ट्रक से टकरा गई जिससे तीन दोस्तो की मौत हो गई। तीनो दोस्त रिश्तेदार का नई बाईक लेकर रात को घूमने निकले थे और हादसे का शिकार हो गए। घटना के तुरंत बाद मौके में मौजूद लोगो ने 108 की सहायता से युवको को अस्पताल पहुंचाया, लेकिन तीनो ही युवको को गंभीर चोट लगने के कारण तीनो की ही मौत हो गई।

मिली जानकारी के अनुसार ग्राम गुजरा निवासी विनोद पिता गुहाराम 20 वर्ष, प्रशांत पिता गंगाराम 20 वर्ष, हरीश पिता हेमंत 21 वर्ष गांव के ही एक रिश्तेदार बाईक लेकर रात को घूमने निकले थे, घूमने के बाद कुसुमकसा से वापस अपने घर गुजरा आ रही थे, इसी दौरान जमही टोल नाका के पास खड़े एक ट्रक से तीनो युवक बाईक सहित जाकर टकरा गए। बताया गया कि तीनो ने ही हेलमेट नही पहना था घटना में



तीनो ही युवको के सिर के साथ शरीर के अन्य हिस्सो में गंभीर चोट लग गई। जिसके बाद आस पास मौजूद लोगो ने 108 की सहायता से युवको को जिला अस्पताल पहुंचाया। जहां तीनो ही युवको को गंभीर चोट लगने के कारण अस्पताल में ईलाज के दौरान तीनो ही युवको की मौत हो गई। वही मिली जानकारी के अनुसार जमही रोड़ पर अज्ञात ट्रक चालक द्वारा लापरवाही पूर्वक ट्रक खड़ा किया गया था, जिसे रात के अंधेरे में युवक देख नही पाए तथा अंधेरे में लापरवाही पूर्वक खड़े ट्रक से जा टकराए। जहां हादसा होने के बाद मौके से ट्रक चालक ट्रक लेकर फरार हो गया तथा पुलिस उक्त ट्रक तथा चालक की खोजबीन में लगी हुई है।

# पलारी में लाल ईंट भट्ठों से नागरिक परेशान, प्रशासन पर उठे सवाल

हरिभूमि न्यूज ▶▶| गुरूर

■ स्कूल और आवासीय क्षेत्रों में ईंट भट्ठों की राख और धूल का खतरा

विकासखण्ड में धान की खेती के बाद अब लाल ईंटो की खेती प्रारंभ हो गई है। ग्रामो के साथ अब नगरीय क्षेत्रे के आवासीय परिसरो एवं स्कूलो के समीप ईट भट्टो ने नगरवासियो की मुश्किले बढ़ा दी है। मामला नव निर्मित नगर पंचायत पलारी का है। यहां संचालित ईट भट्टो से स्कूली बच्चे भी प्रभावित हो रहे है। ईट भट्टो की राख व तपीस स्कूल तक पहुंच रही है। ईट भट्टो में उपयोग होने वाले कोयला पाउडर एवं धान की भूसी का भण्डारण भी खुले मे किया गया है जो उड़कर घरो एवं राहगिरो को नुकसान पहुंचा रहे है, लाल ईंटो के निर्माण पर पूर्ण प्रतिबंध के बाद भी खुले आम ईंटो का निर्माण होना शासन प्रशासन की कार्य शैली पर सवालिया निशान लगाते है।



गौरतलब है कि लाल ईट निर्माण पर खनिज विभाग के अतिरिक्त राजस्व विभाग भी कार्यवाही करता है, लेकिन कमजोर कार्यवाही का नतीजा है कि लाल ईट निर्माण करने वालो की संख्या में लगातार वृद्धि हो रही है। पलारी में जहां लाल ईंटो का निर्माण हो रहा है वह कृशि भूमि है, एक ईट भट्टा तो सरकारी भूमि का उपयोग भी निजी भूमि के साथ ईट निर्माण मे कर रहा है। यहां कृशि के लिए खनन कराए गए ट्यूबवेल से पानी का उपयोग ईट निर्माण के लिए किया जा रहा है, भूमि का डायवर्सन भी नही कराया गया है। मामले में नगर पंचायत पलारी के सीएमओ गिरीश साहू ने कहा लाल ईट निर्माण करने वाले जीवराखन साहू, मुरली पांडे को नोटिस जारी किया है, आगे नियमानुसार कार्यवाही की जाएगी।

### कुत्ते और बंदर के हमलों से बच्चों में डर का माहौल

**बालोद/निकुम।** कुत्ते ने चार बच्चे को तथा बंदर ने एक बच्चे को काट लिया, एक अन्य घटना में कुकर फटने से युवती घायल हो गई। घायल बच्चो का ईलाज जारी है। वही क्षेत्र में लगातार ऐसी घटनाओ के कारण पालक अपने बच्चो को कही भी भेजने से डर रहे है। ग्राम खाड़ा में लावारिस कुत्ते के आतंक से ग्रामीणजन दहशत में है, बीते शुक्रवार और शनिवार को कुत्ते ने मासूम बच्चों पर हमला कर दिया, गली में जा रहे बच्चो जिसमें निधि देशमुख 4 वर्ष, पीला राम यादव 5 वर्ष, रुद्रांश देशमुख 6 वर्ष, कुमकुम 13 वर्ष को कुत्ते ने काट दिया। वही आलबरस में दिनेश कुमार 13 वर्ष को बंदर ने काट लिया। आनन फानन में बच्चो को सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र निकुम पहुंचाया गया। जहां एंटी रेबीज का इंजैक्शन लगाकर बच्चो को दवाई दिया गया, वही तिरगा में खाना बनाते समय कुकर फटने से 25 वषऍय नम्रता देशमुख का जलने के कारण निकुम में ईलाज किया। वही खांड़ा के अभिषेक देशमुख ने बताया मेरे बेटे सहित कई बच्चों को कुत्ते ने काटा है।

# रामायण सम्मेलन में गूंजा मानस गान पूर्व गृहमंत्री ने इसे बताया जीवन दर्शन

**रामचरितमानस के उपदेशों को जीवन में उतारने का आह्वान**

हरिभूमि न्यूज ▶▶| अंडा

दुर्ग ग्रामीण विधानसभा के ग्राम चिंगरी में विश्वरूप मानस परिवार द्वारा आयोजित दो दिवसीय रामायण सम्मेलन कार्यक्रम में प्रदेश के पूर्व गृहमंत्री ताम्रध्वज साहू शामिल हुये। इस अवसर प्रदेश भर ख्याति प्राप्त मानस मंडली द्वारा प्रस्तुति दी गई।

इस अवसर ताम्रध्वज साहू ने कहा की रामायण, विशेषकर तुलसीदासजी की 'रामचरितमानस', की हर चौपाई और दोहा आज के समय में भी अत्यंत प्रासंगिक है, जो जीवन जीने की कला, नीति, नैतिकता, मित्रता और विपत्ति में धैर्य रखने का मार्गदर्शन करती है। यह केवल एक धार्मिक ग्रंथ नहीं, बल्कि जीवन प्रबंधन का एक संपूर्ण दर्शन है, जो मानवता को सही राह दिखाता है। आगे कहा कि तुलसीदास के रचित




रामचरित मानस को पढ़कर अपने जीवन में उतारकर प्रसांगिक बनाए। मानस गान के माध्यम से भगवान राम के चरित्रों को अपने जीवन में उतारने का प्रयास किया जाना चाहिए। इस अवसर ब्लॉक अध्यक्ष देवेंद्र देशमुख, सरपंच चिंगरी पुष्पा बाघमारे, पूर्व सरपंच पुष्पा देशमुख, पूर्व सरपंच विजय साहू, बी एन भारद्वाज, डा. के एल दिल्लीवार, रघुनाथ साहू सहित समिति के सभी सदस्य व ग्राम के वरिष्ठ गण मौजूद थे।

**युवाओं और युगलों में उमंग, गुलाब और गिफ्ट से भरा दिन**

# वेलेंटाइन डे पर उत्साह और विरोध के तेवर

हरिभूमि न्यूज ▶▶| दल्लीराजहरा

दल्लीराजहरा सहित आसपास के क्षेत्र में आज 14 फरवरी को वेलेंटाइन डे पूरे उत्साह और उमंग के साथ मनाया गया। युवाओं और प्रेमी युगलों में इस दिन को लेकर खासा उत्साह देखने को मिला। पार्क, चौक-चौराहे, बाजार और सार्वजनिक स्थलों पर प्रेम और मित्रता का माहौल नजर आया, जहां लोगों ने गुलाब, गिफ्ट और शुभकामनाओं के साथ इस खास दिन को यादगार बनाया। हालांकि वेलेंटाइन डे को लेकर विश्व हिंदू परिषद और बजरंग दल के कार्यकर्ताओं द्वारा विरोध भी दर्ज किया गया। विरोध स्वरूप कुछ स्थानों पर नारेबाजी और अपील के माध्यम से इसे भारतीय संस्कृति के विरुद्ध बताया गया, लेकिन इसके बावजूद आम नागरिकों और युवाओं के उत्साह में कोई कमी नहीं आई।



ल्लीराजहरा शहर के कैफे, गार्डन, होटल और सार्वजनिक स्थलों पर चहल-पहल बनी रही। युवाओं ने इसे प्रेम, सद्भाव और आपसी सम्मान का प्रतीक बताते हुए शांतिपूर्ण तरीके से उत्सव मनाया। पूरे क्षेत्र में दिनभर प्रेम और सौहार्द का वातावरण बना रहा, जिससे यह स्पष्ट हुआ कि दल्लीराजहरा में वेलेंटाइन डे केवल एक दिन नहीं, बल्कि भावनाओं और रिश्तों के सम्मान का संदेश बनकर उभरा। कुल मिलाकर विरोध और मतभेदों के बीच भी दल्लीराजहरा ने प्रेम, शांति और सौहार्द के साथ वेलेंटाइन डे को एक सकारात्मक और यादगार दिन के रूप में मनाया।

एक एहसास अपनेपन का...
स्पर्श
मल्टीस्पेशियलिटी हॉस्पिटल
NABH Certified
QCI
भिलाई की अनुभवी वेरिकोस वेन्स विशेषज्ञ टीम
वेरिकोस वेन्स
(नसों में सूजन एवं दर्द)

डॉ. जोगेशचंद्र मरूहल
एमबीबीएस, एमएस जनरल, लैप्रोस्कोपिक एवं लेजर सर्जन

डॉ. नीरज
एमबीबीएस, एमएस जनरल, लैप्रोस्कोपिक एवं लेजर सर्जन

डॉ. समीर कठाले
एमबीबीएस, डीएनबी सीनियर कंसलटेंट एवं इंटरवेंशनल रेडियोलॉजिस्ट

लेजर द्वारा ईलाज
• दर्द रहित • दाग रहित • टांके रहित
• एक ही दिन में ईलाज और उसी दिन घर वापसी
• सभी प्रकार की जनरल व लेप्रोस्कोपी सर्जरी की सुविधा
Deepak
रामनगर, सुपेला, भिलाई, जिला-दुर्ग
0788-4052040 | 77730 10941
EMERGENCY 62691 62691

## खबर संक्षेप



### ठेठवार यादव समाज दुर्ग राज का पारिवारिक मिलन

**दुर्ग।** ठेठवार यादव समाज दुर्ग राज की बैठक व पारिवारिक मिलन समारोह चंदखुरी के हनोदा रोड मिनी स्टेडियम में हुआ। इस अवसर पर 70 से अधिक लोगों ने रक्तदान किया। आयोजन मे राज अध्यक्ष राजकुमार यादव व दुर्ग राज के पदाधिकारियों द्वारा यदुकुल शिरोमणि भगवान श्री कृष्ण की पुजा अर्चना कर शुरवात की गई। जिसमे दुर्ग राज के ग्राम चंदखुरी व 112 गांव के स्वजातीय जन शामिल हुए। मुख्य अतिथि शिक्षा मंत्री गजेंद्र यादव, विशिष्ट अतिथि दुर्ग ग्रामीण विधायक ललित चंद्राकर, अध्यक्षता ठेठवार यादव समाज के प्रदेश अध्यक्ष गुलेन्द्र यादव, विशिष्ट अतिथि जिला पंचायत सदस्य जितेंद्र यादव जिला सहकारी केंद्रिय बैंक के उपाध्यक्ष नरेन्द्र यदु, पूर्व सरपंच संघ अध्यक्ष रिवेन्द्र यादव व वर्तमान सरपंच संघ अध्यक्ष ओमेश्वर यादव सहित ठेठवार यादव समाज के सामाजिक जिला पंचायत सदस्य, जनपद सदस्य, सरपंच पार्षद व पंचों व पारिवारिक मिलन समारोह में उत्कृष्ट कार्य किये सामाजिक जनों का सम्मान किया गया। बच्चों द्वारा सांस्कृतिक कार्यक्रमों की प्रस्तुति दी गई।

### जगदीश चंद्र उजाला के निधन के बाद किया नेत्र दान



**दुर्ग।** संतराबाड़ी निवासी जगदीशचंद्र उजाला के निधन के पश्चात उनकी पत्नी राम कुंवर उजाला, पुत्र रुपेश उजाला, खेमचंद उजाला एवं बहू सपना व गायत्री की सहमति से नेत्रदान सम्पन्न हुआ। जगदीश चंद्र उजाला के निधन का समाचार मिलते ही संस्था के राज आढ़तिया, कुलवंत भाटिया, राजेश पारख, मंगल अग्रवाल मध्य रात्रि उजाला भवन पहुंचे व नेत्रदान की व्यवस्था की। श्री शंकराचार्य मेडिकल कॉलेज के डॉ संदीप बचकर, डॉ लीजन व नेत्र प्रभारी विवेक कसार बंसल निवास से कॉर्निया कलेक्ट किए।

# ट्रैफिक जाम से मिलेगी मुक्ति, 2.67 करोड़ में बनेगी फोरलेन सड़क

## शिक्षामंत्री गजेंद्र यादव ने किया भूमिपूजन, 4 अन्य जगहों पर भी बनेगी चौड़ी सड़क

हरिभूमि न्यूज ▶▶ दुर्ग

धमधा नाका अंडरब्रिज से आईएमए चौक होते हुए अग्रसेन चौक तक करीब 480 मीटर तक 2.67 करोड़ रुपए की लागत से फोरलेन सड़क का निर्माण किया जाएगा। इसकी स्वीकृति मिल चुकी है। शुक्रवार को शिक्षामंत्री और स्थानीय विधायक गजेंद्र यादव ने इस कार्य का भूमिपूजन किया। इसके साथ ही अग्रसेन चौक पर स्थित महात्मा गांधी मार्केट में दो डोमशेड निर्माण को भी मंजूरी प्रदान की गई। साथ ही 4 अन्य जगहों में महाराजा चौक से बोरसी, मालवीय नगर चौक से जेल तिराहा होते हुए मिनी माता चौक, उतई टेम्पो स्टैंड से पोटिया सहित एक अन्य चौड़ी सड़क मिलेगी।

### सुशासन की सरकार, दुर्ग में खुले विकास के द्वार

गजेंद्र यादव ने कहा कि चुनाव के दौरान दुर्गवासियों से किए गए विकास के वादों को पूर्ण करने की दिशा में ठोस पहल है। उन्होंने आगे कहा कि सुशासन की सरकार में दुर्ग का सर्वांगीण विकास प्राथमिकता के आधार पर किया जा रहा है। शिक्षा, स्वास्थ्य, अधोसंरचना एवं यातायात जैसी मूलभूत सुविधाओं को सुदृढ़ करने के लिए लगातार योजनाबद्ध कार्य किए जा रहे हैं। भाजपा सरकार शहर के समग्र विकास हेतु निरंतर प्रतिबद्ध है। भूमिपूजन में उपस्थित क्षेत्र के व्यापारियों ने बाजे गाजे के साथ मंत्री गजेन्द्र यादव का स्वागत किया। उन्होंने बताया कि शहर में लगातार बढ़ते ट्रैफिक दबाव को देखते हुए फोरलेन सड़क की मांग सालों से की जा रही थी, जिसे लेकर दिखाई गई।



### अग्रसेन चौक में दो जगहों पर बनेगा डोमशेड

अग्रसेन चौक के पास राम मंदिर के पीछे एक तरफ 15 लाख की लागत से दो स्थान पर डोम शेड लगेगा। एक तरफ व्यापारियों के बैठने के लिए और दूसरी तरफ सार्वजनिक आयोजनों के लिए डोम शेड का निर्माण किया जाएगा। इससे सामाजिक, धार्मिक एवं सांस्कृतिक कार्यक्रमों के आयोजन में नागरिकों को बेहतर सुविधा मिलेगी। आयोजित कार्यक्रम में जिलाध्यक्ष सुरेंद्र कौशिक, सभापति श्याम शर्मा, जिला उपाध्यक्ष शिवेंद्र परिहार, अल्पसंख्यक मोर्चा जिलाध्यक्ष अरविंदर खुराना, भाजयुमो जिलाध्यक्ष हिमांशु सिंह, पार्षद मनीषा सोनी, मनीष साहू, ज्ञानेश्वर ताम्रकार, देवनारायण तांडी, मनोज सोनी सहित अन्य मौजूद थे।

चंडी मंदिर से नयापारा रोड का भी चौड़ीकरण किया जाएगा।

गजेंद्र यादव ने कहा कि इस सड़क के बन जाने से शहर की बड़ी आबादी को ट्रैफिक जाम से राहत मिलेगी। लोगों को सुरक्षित, सुगम और तेज आवागमन की सुविधा प्राप्त होगी। यह सड़क दुर्ग शहर के यातायात तंत्र को मजबूत बनाने की दिशा में एक महत्वपूर्ण कदम है। दुर्ग विधानसभा क्षेत्र में यातायात को सुगम बनाने 5 स्थान पर फोरलेन सड़क का निर्माण किया जाना है, जिसके अंतर्गत पहले फोरलेन सड़क का आज भूमिपूजन किया गया। यह कार्य केवल एक सड़क निर्माण नहीं, बल्कि चुनाव के दौरान किए गए विकास के वादों को पूरा करने की दिशा में ठोस कदम है।

## खरखरा जलाशय : प्रकृति का अनमोल धरोहर

# लोहारा के आसपास उभर सकता है नया पर्यटन सर्किट, संवर्धन की है जरूरत

हरिभूमि न्यूज ▶▶ डौंडीलोहारा

यदि क्षेत्र के आसपास पर्यटन की संभावनाओं को व्यवस्थित रूप से विकसित किया जाए, तो यह इलाका एक आकर्षक पर्यटन सर्किट के रूप में उभर सकता है। लोहारा से मात्र 7 किलोमीटर की दूरी पर स्थित खरखरा जलाशय और चितवा डोंगरी प्रकृति और इतिहास का अद्भुत संगम प्रस्तुत करते हैं। वहीं लगभग 20 किलोमीटर दूर स्थित पाटेश्वर धाम धार्मिक पर्यटन के लिए अतिरिक्त आकर्षण है। ऊँची पहाड़ियों और सदाबहार हरियाली से घिरा खरखरा जलाशय अपनी प्राकृतिक सुंदरता के लिए प्रसिद्ध रहा है। जलाशय के मध्य स्थित टापू इसकी रमणीयता को और बढ़ाता है। यह जलाशय न केवल पर्यटन की दृष्टि से महत्वपूर्ण है, बल्कि औद्योगिक और कृषि उपयोग की दृष्टि से भी उपयोगी संसाधन है। हालांकि वर्तमान में यह स्थल प्रशासनिक उपेक्षा का शिकार प्रतीत होता है। यहाँ तक पहुँचने वाले मार्ग जर्जर हो चुके हैं, जिससे आवागमन में कठिनाई होती है। पर्यटकों के लिए निर्मित रेस्ट हाउस खंडहर में तब्दील हो चुका है। पेयजल, सुरक्षा और अन्य बुनियादी सुविधाओं का अभाव पर्यटकों की संख्या में कमी का प्रमुख कारण है। स्थानीय लोगों का कहना है कि सुरक्षा व्यवस्था सुदृढ़ न होने से असामाजिक गतिविधियों की घटनाएँ भी सामने आई हैं। यदि यहाँ सड़क निर्माण, रेस्ट हाउस का जीर्णोद्धार, स्वच्छ पेयजल की व्यवस्था तथा स्थायी पुलिस चौकी की स्थापना की जाए, तो यह स्थल पुनः पर्यटकों से गुलजार हो सकता है।



### पर्यटन विकास से बढ़ेगी स्थानीय अर्थव्यवस्था

खरखरा जलाशय और चितवा डोंगरी मिलकर एक समृद्ध पर्यटन सर्किट का निर्माण कर सकते हैं। एक ओर जहाँ खरखरा प्राकृतिक सौंदर्य का केंद्र है, वहीं चितवा डोंगरी ऐतिहासिक धरोहर के रूप में पहचान रखता है। यदि बुनियादी सुविधाओं का विस्तार और संरक्षण कार्य समय पर किए जाएँ, तो यह क्षेत्र न केवल पर्यटकों के लिए आकर्षण बनेगा, बल्कि स्थानीय युवाओं के लिए रोजगार के अवसर भी सृजित करेगा। आवश्यक है कि प्रशासन और जनप्रतिनिधि इन स्थलों के संरक्षण और विकास की दिशा में ठोस कदम उठाएँ, ताकि लोहारा क्षेत्र की यह प्राकृतिक एवं सांस्कृतिक धरोहर पुनः अपनी पहचान प्राप्त कर सके।

**चितवा डोंगरी: इतिहास और प्रकृति का अद्भुत मेल-** नगर से 6 किलोमीटर की दूरी पर स्थित ग्राम सहगांव के समीप गोंदली जलाशय के किनारे स्थित चितवा डोंगरी प्राकृतिक और ऐतिहासिक दृष्टि से महत्वपूर्ण स्थल है। यहाँ पाई जाने वाली प्राचीन गुफाएँ और शैल चित्र (भित्तिचित्र) प्राचीन सभ्यता और वन्य जीवन की झलक प्रस्तुत करते हैं। चट्टानों पर अंकित ये चित्र इतिहास प्रेमियों के लिए विशेष आकर्षण का केंद्र हैं। जंगल और पहाड़ियों से घिरे इस क्षेत्र में शांति और सौंदर्य का अद्भुत वातावरण है। जिला प्रशासन द्वारा इसे पर्यटन स्थल के रूप में विकसित करने की योजना बनाई गई है, जिसमें प्रवेश द्वार, पहुँच मार्ग, पार्किंग, पेयजल, शौचालय तथा गुफाओं तक सीढ़ियों के निर्माण का प्रस्ताव शामिल है। गोंदली जलाशय में नौका विहार और वाटर स्पोर्ट्स जैसी सुविधाएँ भी प्रस्तावित हैं। फिलहाल, प्रचार-प्रसार और बेहतर सड़कों के अभाव में यह स्थल अपेक्षित पहचान नहीं बना पाया है, जबकि इसकी संभावनाएँ व्यापक हैं।

# जगमगाएगा दल्लीराजहरा : हाई मास्क लाइट, फ्लड लाइट और नई सड़कों से बदलेगी नगर की तस्वीर

हरिभूमि न्यूज ▶▶ दल्लीराजहरा

नगर अब विकास की नई रोशनी में नहाने जा रहा है। नगर पालिका अध्यक्ष तोरण लाल साहू की सक्रियता और सतत प्रयासों से भिलाई इस्पात संयंत्र (भिलाई इस्पात संयंत्र) द्वारा नगर के बीएसपी क्षेत्र में व्यापक विकास कार्य तेज़ी से आगे बढ़ रहे हैं। नगर के प्रमुख चौक-चौराहों पर लगभग 60 लाख रुपये की लागत से हाई मास्क लाइटें लगाई जा रही हैं, जिससे पूरा क्षेत्र दूर-दूर तक रोशनी से जगमगाएगा। वहीं बीएसपी क्रिकेट स्टेडियम में 35 लाख रुपये की लागत से चारों कोनों पर शक्तिशाली हाई मास्क फ्लड लाइटें स्थापित की जाएंगी, ताकि रणजी ट्रॉफी स्तर की उच्चस्तरीय क्रिकेट प्रतियोगिताओं के आयोजन में कोई बाधा न रहे।



इसी क्रम में बीएसपी टाउनशिप क्षेत्र में करीब 13 किलोमीटर सड़कों का पुनर्निर्माण किया जा रहा है, जिस पर लगभग एक करोड़ रुपये की लागत आ रही है। इन सड़कों का चौड़ीकरण भी किया जा रहा है, जिससे वर्षों से जर्जर हालत में पड़ी सड़कों से नगरवासियों को राहत मिलेगी। नगर पालिका क्षेत्र में ट्यूबलर लाइटों के माध्यम से पूरे शहर को रोशन करने की भी योजना है, जिससे आवागमन सुरक्षित और सुगम होगा। चकाचक सड़कों और तेज रोशनी से जहां आम नागरिकों को सुविधा मिलेगी, वहीं असामाजिक तत्वों पर भी प्रभावी अंकुश लगेगा।

नगर पालिका अध्यक्ष तोरण लाल साहू ने बताया कि बीएसपी टाउनशिप की सड़कों की स्थिति लगातार खराब हो रही थी। लंबे समय से कर्मचारियों और नागरिकों की मांग थी कि सड़कों का पूर्ण नवनिर्माण कराया जाए। निरंतर प्रयासों का परिणाम अब धरातल पर दिखने लगा है। इन विकास कार्यों से दल्लीराजहरा न सिर्फ रोशन होगा, बल्कि एक सुव्यवस्थित, सुरक्षित और आधुनिक नगर के रूप में नई पहचान बनाएगा।

### निर्वाचन कार्य में लापरवाही पर एक दिन का वेतन कटा

**दुर्ग।** कलेक्टर एवं जिला निर्वाचन अधिकारी अभिजीत सिंह ने निर्वाचन कर्त्तव्यों के निर्वहन में घोर लापरवाही बरतने एवं लोक प्रतिनिधित्व अधिनियम तथा सिविल सेवा आचरण में उल्लेखित प्रावधानों के विपरीत कार्य करने के कारण उप संचालक एवं सहायक निर्वाचक रजिस्ट्रीकरण अधिकारी 65 भिलाई नगर दीपक मिश्रा के माह फरवरी में वेतन भुगतान के एक दिवस को अवैतनिक किया है। ज्ञात हो कि कलेक्टर एवं जिला निर्वाचन अधिकारी द्वारा विगत 31 जनवरी 2026 को आयोग के निर्देशानुसार अन-मैप्ड और लॉजिकल विसंगति के मामले में मतदाताओं को जारी किये नोटिस सुनवाई की तिथि के संबंध में समस्त ईआरओ, एईआरओ की समीक्षा बैठक आयोजित की गई थी। इस बैठक में मिश्रा अनुपस्थित थे, साथ ही ईआरओ द्वारा दूरभाष पर संपर्क करने के बाद भी कार्य प्रारंभ नहीं करने पर जारी कारण बताओ नोटिस का जवाब प्रस्तुत नहीं किया गया है।

# कलेक्टर से शिकायत के बाद हरकत में आया निगम, तालाबों की सफाई शुरू

हरिभूमि न्यूज ▶▶ भिलाई

- आम आदमी पार्टी के नेता ने जनदर्शन में की थी शिकायत

वार्ड 23, घासीदास नगर के नवीन स्कूल और उसके समीप स्थित तालाब में फैली गंदगी को लेकर कलेक्टर से की गई शिकायत के बाद नगर निगम ने सफाई कार्य शुरू कर दिया है। कलेक्टर जनदर्शन में आम आदमी पार्टी के वार्ड अध्यक्ष धर्मेंद्र कुमार चौधरी ने शिकायत की थी।

वार्ड अध्यक्ष धर्मेंद्र चौधरी ने कलेक्टर जनदर्शन में लिखित शिकायत दी थी कि घासीदास नगर के नवीन स्कूल परिसर और पास के तालाब में भारी मात्रा में कचरा और गंदगी जमा है। पानी की किल्लत के कारण महिलाएं इसी तालाब का उपयोग करती हैं, जिससे गंदगी के कारण बीमारियों का खतरा बना हुआ था। स्थानीय पार्षद द्वारा समस्या पर ध्यान न दिए जाने के बाद आप पार्टी ने सीधे प्रशासन का दरवाजा खटखटाया।





आम आदमी पार्टी के नेता जसप्रीत सिंह ने वैशाली नगर क्षेत्र की बदहाल स्थिति पर गहरी चिंता व्यक्त की है। उन्होंने कहा कि वैशाली नगर के वार्डों की स्थिति अत्यंत दयनीय है। तालाबों का महत्व हमारी धार्मिक आस्था से जुड़ा है, लेकिन विधायक और पार्षद इनके संरक्षण और सफाई को लेकर गंभीर नहीं हैं। जब तक जनता शिकायत लेकर कलेक्टर के पास नहीं जाती, तब तक स्थानीय जनप्रतिनिधि कुंभकर्णी नींद में सोए रहते हैं। इस दौरान धर्मेंद्र चौधरी, जसप्रीत सिंह, राजकुमार, अविनाश सहित वार्ड के नागरिक उपस्थित थे।

# 14 मार्च को नेशनल लोक अदालत सुलझाया जाएंगे विवादित मामले



- तैयारियों को लेकर ग्रामीण क्षेत्रों के सरपंचों की हुई बैठक

**दुर्ग।** आगामी नेशनल लोक अदालत 14 मार्च को आयोजित है। इसकी तैयारियों को लेकर जिला विधिक सेवा प्राधिकरण द्वारा ग्रामीण क्षेत्रों के सरपंचों की बैठक जिला एवं सत्र न्यायालय के सभागार में आयोजित की गई। बैठक की अध्यक्षता एवं संचालन सचिव, जिला विधिक सेवा प्राधिकरण, दुर्ग द्वारा किया गया। बैठक में यह विशेष रूप से रेखांकित किया गया कि ग्राम स्तर पर सरपंच प्रारंभिक एवं अत्यंत महत्वपूर्ण कड़ी के रूप में कार्य करते हैं। ग्राम पंचायतें स्थानीय विवादों, राजस्व प्रकरणों, पारिवारिक मतभेदों, बैंक ऋण संबंधी मामलों, विद्युत एवं जलकर बकाया, मोटर दुर्घटना दावा प्रकरणों तथा धारा 138 परक्राम्य अधिनियम से संबंधित प्रकरणों की प्रथम जानकारी का प्रमुख स्रोत है। ऐसे में सरपंचों की सक्रिय भागीदारी के बिना अधिकतम प्रकरणों की पहचान एवं सूचीकरण संभव नहीं है। सचिव ने कहा कि सरपंच न केवल स्थानीय स्तर पर पक्षकारों के मध्य संवाद स्थापित करने में सक्षम हैं, बल्कि वे आपसी सहमति एवं सौहार्दपूर्ण समाधान की दिशा में विश्वास निर्माण की भूमिका भी निभाते हैं। इसलिए उन्हें आयोजित लोक अदालत से जुड़ी जानकारी दी गई।

# युवाओं के सपनों को नई उड़ान और रोजगार का अवसर देने वाला है केन्द्रीय बजट

हरिभूमि न्यूज ▶▶ दुर्ग

- केंद्रीय बजट पर मंत्री यादव ने किया व्यापारियों से संवाद

भारतीय जनता पार्टी के आर्थिक और व्यापार प्रकोष्ठ द्वारा दुर्ग में आयोजित संभाग स्तरीय व्यापारी संवाद कार्यक्रम में बड़ी संख्या में व्यापारी, उद्योगपति एवं प्रकोष्ठ पदाधिकारी शामिल हुए। कार्यक्रम में केंद्रीय बजट 2026 में व्यापार और उद्योग क्षेत्र के लिए किए गए महत्वपूर्ण प्रावधानों की पार्टी के वरिष्ठ नेताओं ने जानकारी साझा की। संवाद कार्यक्रम का उद्देश्य बजट प्रावधानों को जमीनी स्तर तक पहुंचाना और व्यापार समुदाय के साथ सीधा संवाद स्थापित करना है।



केबिनेट मंत्री गजेन्द्र यादव ने कहा कि केंद्र की भाजपा सरकार द्वारा प्रस्तुत केंद्रीय बजट 2026 देश की आर्थिक प्रगति को नई गति देने वाला बजट है। बजट में युवाओं के सपनों को नई उड़ान देने के उद्देश्य से स्टार्टअप को प्रोत्साहन, नवाचार को बढ़ावा, स्थानीय उत्पादों के संवर्धन तथा वोकल फॉर लोकल को मजबूत करने जैसे महत्वपूर्ण निर्णय लिए गए हैं। बड़ी संख्या पर्यटन विकसित किये जाने रोजगार के अवसर भी बढ़ेगे जिससे क्षेत्र का व्यापार भी बढ़ेगा। संवाद के दौरान लघु एवं मध्यम व्यापारियों के लिए विभिन्न प्रकार की कर छूट, प्रक्रियाओं के सरलीकरण, डिजिटल लेन-देन को प्रोत्साहन तथा व्यापार सुगमता को बढ़ाने हेतु किए गए प्रावधानों पर विस्तार से चर्चा की गई। व्यापारियों ने भी केंद्रीय बजट पर अपने सुझाव एवं अनुभव साझा किए, जिस पर सकारात्मक संवाद हुआ।दुर्ग भाजपा प्रभारी नंदन जैन, प्रदेश प्रवक्ता अमित चिमनानी ने बताया कि केंद्रीय बजट में व्यापारियों के लिए कई सकारात्मक प्रावधान किए गए हैं, जिनसे व्यवसाय को गति और स्थिरता मिलेगी। कर प्रणाली को सरल बनाने, आयकर व जीएसटी प्रक्रियाओं में पारदर्शिता लाने तथा अनुपालन बोझ कम करने से छोटे और मध्यम व्यापारियों को राहत मिलेगी। कार्यक्रम में आर्थिक प्रकोष्ठ के प्रदेश संयोजक शिव चंद्राकर, महापौर अलका बाघमार, अजय भसीन, उपाध्यक्ष अशोक राठी, अनूप गटागट आदि मौजूद थे।

## भूजल संरक्षण, संवर्धन और वैज्ञानिक प्रबंधन को लेकर जिपं. के सभागार में कार्यशाला

# बोरवेल के ज्यादा इस्तेमाल से भूजल स्तर गिर रहा, सहेजना जरूरी

हरिभूमि न्यूज ▶▶ दुर्ग

- एनसीसीआर केंद्रीय भूजल बोर्ड के क्षेत्रीय निदेशक रहे मौजूद

जिला पंचायत के सभागार में भारत सरकार के जल शक्ति मंत्रालय के अंतर्गत केंद्रीय भूजल बोर्ड एवं भूमि जल बोर्ड द्वारा जल प्रबंधन, जल पुनर्जीवन योजना एवं डेटा प्रसार विषय पर कार्यशाला का आयोजन किया गया। मुख्य अतिथि के रूप में एनसीसीआर केंद्रीय भूजल बोर्ड के क्षेत्रीय निदेशक डॉ. डी. ज्ञानसुंदर मौजूद थे। जिला पंचायत के सीईओ बजरंग दुबे भी कार्यक्रम में शामिल हुए। डॉ. ज्ञानसुंदर ने दुर्ग के क्षेत्रीय जलभृत बेसिनों की वैज्ञानिक निगरानी, प्रभावी प्रबंधन एवं पुनरुद्धार की आवश्यकता पर बल दिया। उन्होंने कहा कि भूजल संसाधनों की दीर्घकालिक स्थिरता सुनिश्चित करना राज्य की जल एवं खाद्य सुरक्षा के लिए अत्यंत आवश्यक है।

कार्यशाला का उद्देश्य दुर्ग जिला में भूजल संसाधनों के सतत उपयोग एवं संरक्षण के लिए ठोस रणनीति तैयार करना था। योजनाओं ग्रामीण क्षेत्रों में महात्मा गांधी नरेगा, वन विभाग, जल संसाधन विभाग, लोक स्वस्थ्य यात्रिकी विभाग, कार्ययोजना तैयारी व चरणबद्ध तरीके से करने के लिए कहा गया।




### जिले में जल संरक्षण को लेकर चलाया जाएगा अभियान

कार्यक्रम में वैज्ञानिक बी. अभिषेक, मोनिका, प्रमोद, महिमा अवस्थी, सर्वोदय बारिक, श्रीधर साहू, कमल किशोर सहित कई अधिकारी एवं विशेषज्ञ उपस्थित थे। कार्यशाला के माध्यम से भूजल संसाधनों के संरक्षण, वैज्ञानिक प्रबंधन और सतत उपयोग की दिशा में ठोस कार्ययोजना तैयार करने की पहल की गई। साथ ही तय किया गया कि जल संरक्षण को लेकर विशेष अभियान चलाया जाएगा, जिसमें लोगों को जागरूक किया जाएगा।

### पेयजल के लिए बोरवेल पर निर्भरता ज्यादा

इस दौरान यह बताया गया कि जल जीवन मिशन के अंतर्गत पेयजल आपूर्ति के लिए बोरवेलों पर अत्यधिक निर्भरता है। साथ ही निम्न पारगम्यता वाले क्षेत्रों में बोरवेल के पंपिंग घंटों में कमी, भूजल स्तर में गिरावट और कुओं के सूखने जैसी समस्याएं सामने आ रही हैं। विशेषज्ञों ने कुछ गांवों में आर्सेनिक एवं फ्लोराइड की उच्च सांद्रता को भी गंभीर चुनौती बताया। कार्यशाला में जल पुनर्जीवन, कृत्रिम पुनर्भरण संरचनाओं के विकास, डेटा आधारित प्रबंधन और सामुदायिक सहभागिता पर विशेष जोर दिया गया।



### भाजपा महिला मोर्चा की जिला कार्यकारिणी की हुई घोषणा

**बालोद।** जिला महिला मोर्चा अध्यक्ष मोना टुवानी ने अपने जिला पदाधिकारी, जिला कार्यकारिणी की घोषणा की। घोशणा भारतीय जनता पार्टी के प्रदेश अध्यक्ष किरण सिंह देव, प्रदेश संगठन महामंत्री पवन साय तथा भारतीय जनता पार्टी महिला मोर्चा के प्रदेश अध्यक्ष विभा अवस्थी के मार्गदर्शन में, संभाग एवं जिला प्रभारी के निर्देशानुसार तथा भाजपा जिला अध्यक्ष चेमन देशमुख की अनुशंसा पर किया गया। जिसमे उपाध्यक्ष सरोज गंगबेर, दुलेश्वरी टेकाम, आमीन साहू, किरण तारम, संगीता साहू, मंत्री ममता यादव, भारती साहू, श्वेता राजपूत, रेखा चौहान, गीता मरकाम, कोशाध्यक्ष भानुमति साहू, सह कोशाध्यक्ष दिनेश्वरी सिन्हा, मिडिया प्रभारी छबि सार्वा, सोशल मिडिया रेणुका गजेन्द्र, कार्यालय मंत्री प्रीति बाला कार्यकारिणी सदस्य संध्या खरे, आशा आर्य, पूजा बिंझेकर, संध्या साहू, चन्द्रलेखा पाएला, राधिका भारद्वाज, राजेश्वरी टेकाम, देविका बंजारे, ललिता यादव, अंबिका यादव, लता पाथोड़े, माया चन्द्राकर, डोमेश्वरी साहू, आरती संचेती, पायल सोनी, भारती साहू, रना हिरवानी, नेहा उपाध्याय, सुभद्रा तांडेकर, साधना सोरी, कुन्ती सिन्हा, कुमारी साहू, राहिणी पिस्दा को बनाया गया है। इस अवसर पर प्रदेश महामंत्री यशवंत जैन, पूर्व जिला मंत्री राजेश दसोडे, पिछड़ा वर्ग मोर्चा अध्यक्ष श्याम जयसवाल, मिडिया प्रभारी कमल पनपालिया उपस्थित रहे।

## खबर संक्षेप

### हिमांशु बने भाजयुमो जिला महामंत्री

गुरूर। दानीटोला निवासी तेजतर्रार युवा हिमांशु ईशाप्रकाश साहू को भारतीय जनता युवा मोर्चा का जिला महामंत्री बनाए जाने पर ग्राम दानीटोल सहित गुरूर नगर एवं गुरूर तहसील के तीनो मंडल गुरूर मंडल, सनौद मंडल एवं मिर्रीटोला मंडल के वरिष्ठ भाजपा नेताओ एवं युवा मोर्चा के कार्यकर्ताओ मे हर्श व्याप्त है। नगर सहित जिले में हिमांशु साहू लंबे समय से संगठनात्मक एवं सामाजिक कार्यो में सक्रिय रहे हैं, हिमांशु साहू



राजनीति से पृथक सार्वजनिक हितार्थ एवं जनकल्याण से जुड़े विभिन्न कार्यक्रमो में सक्रिय रूप से आयोजक एवं व्यवस्थापक व सहयोगी के रूप में सक्रिय रहकर आम जनता एवं युवाओ के मध्य लंबे समय से सीधे संपर्क में हैं। हिमांशु साहू की सामाजिक एवं सार्वजनिक सक्रियता का लाभ उन्हे राजनीतिक संगठन में भी सकारात्मक रूप से मिलेगा। इन्होंने व्यक्त किया हर्ष हिमांशु साहू के जिला महामंत्री बनने पर प्रदेश भाजपा महामंत्री यशवंत जैन, जिला भाजपा अध्यक्ष चेमन देशमुख, जनसेवक बालोद राकेश यादव, युवा मोर्चा जिला अध्यक्ष गुलशन साहू, यादवराम साहू, कौशल साहू, नंदकिशोर शर्मा, ईशाप्रकाश साहू, अनुप साहू, मंडल अध्यक्ष आनंद शर्मा, नगर पंचायत अध्यक्ष प्रदीप साहू, चंद्रिका गंजीर, लिखेश्वर साहू, मुरली लावत्रे, भागवत यादव, गिरधर ठाकुर, चन्द्रलता साहू, अनुसुईया धुरव, जितेश धुरव, लेखक चतुर्वेदी, ताम्रध्वज यादव, सौरभ जैन, अभिन्न यादव, आकाश साहू, आयुष दीवान, रितेश सेन, रवि देशमुख, आशुतोष सिन्हा, यंगेश साहू, दनेश्वर साहू, आशुतोष टंडन, चंद्रेश झा, रवि साहू, यमन नरेटी, अभिषेक साहू, रानू राठी, लोकेन्द्र हिरवानी, राजेश दीवान, नौशाद कुरैशी, होमप्रकाश साहू, नीलांबर साहू, शानू देशमुख, दोमेश निर्मलकर, अनमोल बग्गा, प्रांजल कंसारी, खेमलाल देवागन, नरेश साहू, पूरब देवांगन, दुर्गानंद साहू, ललित गजेंद्र, मनीष साहू, बालक साहू, अशोक साहू, घनेद्र साहू ने हर्श व्यक्त की।

### केन्द्रीय विद्यालय के लिए स्वतंत्र भवन की मांग

**भिलाई।** सांसद विजय बघेल ने दुर्ग केन्द्रीय मानव संसाधन मंत्री से नेवई में संचालित केन्द्रीय विद्यालय के लिए स्वतंत्र भवन की मांग की है। ज्ञात हो कि वर्तमान में केन्द्रीय विद्यालय नेवई में पहली से बारहवीं तक कक्षा में विद्यार्थी अध्ययनत है। उक्त विद्यालय वर्तमान में सीआईएसएफ की भवन में संचालित है। इससे विद्यालय के अधोसरंचना विकास में अवरूद्ध हो रहा है। विद्यालय का अपना भवन होने से केन्द्रीय विद्यालय के प्रवेश क्षमता में वृद्धि होगी। सांसद बघेल ने कहा कि केन्द्रीय मानव संसाधन मंत्री द्वारा लोकसभा में जानकारी दी गई थी कि सीआईएसएफ द्वारा 2.80 हेक्टेयर (6.99 एकड़) जमीन का चिन्हांकन स्वतंत्र भवन बनाने के लिए कर लिया गया है।

## निधन

### रामावतार सिन्हा

**डौंडीलोहारा।** नगर निवासी व तीन बार के पार्षद रहे रामावतार



सिन्हा (63) का निधन हो गया, जिनका अंतिम संस्कार शनिवार को स्थानीय मुक्तिधाम में किया गया, वे कुछ वर्षों से लकवा से पीड़ित थे। अंतिम संस्कार कार्यक्रम में परिवारजन एवं नगरवासी बड़ी संख्या में उपस्थित थे।

### बुधनतीन सिन्हा

**जामगांव आर।** सुरपा निवासी



वयोवृद्ध बुधनतीन सिन्हा का निधन हो गया। उनका अंतिम संस्कार सुरपा मुक्तिधाम में किया गया। वे दयाराम सिन्हा, पुनाराम सिन्हा, प्रेमलाल सिन्हा की मां थी।

---

## कार्यक्रम : सशिमं में आयोजित कार्यक्रम में बच्चों ने माता-पिता को किया पूजन वंदन

# जामगांव आर के मातृ-पितृ वंदन समारोह में विद्यार्थियों ने किया मात-पिता का अभिनंदन

हरिभूमि न्यूज ▶▶| जामगांव आर

मातृ पितृ वंदन समारोह का आयोजन शनिवार 14 फरवरी को सरस्वती शिशु मंदिर उच्चतर माध्यमिक विद्यालय जामगांव डॉ आरके हेडगेवार सदन में संपन्न हुआ। समारोह में विद्यार्थियों के माता पिता शामिल हुए, इस दौरान माता पिता के लिए खेल प्रतियोगिता आयोजित किया गया।

- खेल प्रतियोगिताओं और सम्मान के माध्यम से भावनाओं का उत्सव

समारोह में बच्चो ने अपने माता पिता का भगवान की तरह पूजन वंदन अभिनन्दन किया। सभी माता पिता को लेमिनेटेड भगवान श्रीराम की तैल चित्र भेंट कर संतान ने पूजन किया। कार्यक्रम में साहू समाज अध्यक्ष दयानंद साहू,डॉ केएस देवांगन, करेला शाला विकास समिति अध्यक्ष रोहित साहू, विहान समूह करेला अध्यक्ष पद्मनी श्रीवास्तव, सुरपा नव युवा संगठन अध्यक्ष नरेंद्र धरमगुड़ी, आंगनबाड़ी कार्यकर्ता डा साहू, समाजसेवी मनीष चंद्राकर, नेहा चंद्राकर मंचासिन रहे। विद्यालय व्यवस्थापक ने समारोह में घोषणा की कि होनहार प्रोत्साहन योजना के तहत 5वी, 8वी, 10 वी बोर्ड कक्षाओं में 90 प्रतिशत से अधिक अंक प्राप्त करने वाले किसी भी शासकीय अशासकीय स्कूल के विद्याथएँ को सरस्वती शिशु मंदिर जामगांव आर में संस्कार सलेक्शन कमेटी के इंटरव्यू में सलेक्ट होने पर 50 प्रतिशत शुल्क में छूट की पात्रता प्राप्त हो जाएगी। अर्धवार्षिक परीक्षा परिणाम के आधार पर शाला प्रमुख से प्रमाण पत्र लेकर विद्यालय प्राचार्य से मार्च प्रथम सप्ताह तक संपर्क किया जा सकता है। संचालन दिव्या चंद्राकर एवं आभार प्राचार्य पीएल बारले ने किया।

**कार्यक्रम में हुईं विविध गतिविधियां**- माता पिता के लिए आयोजित प्रतियोगिता डांस ऑफ स्टेच्यू में रीना चंद्राकर प्रथम एवं दीपक साहू द्वितीय, मस्तक से गुब्बारा बेलेंस करना में सरिता साहू सीमा यादव प्रथम एवं नरेंद्र रेणुका द्वितीय, गुब्बारा से डिस्पोजल उठाना में मनीष चंद्राकर, प्रथम एवं नरेंद्र द्वितीय, गुब्बारा से मोमबत्ती बुझाना में रीना चंद्राकर प्रथम एवं रोहित साहू द्वितीय, डिस्पोजल से बाटल में पानी भरना मे सरिता साहू प्रथम एवं कविता चंद्राकर द्वितीय और नदी पहाड़ में पद्मनी श्रीवास्तव प्रथम एवं पदमा साहू द्वितीय स्थान पर प्रतिभा का शानदार प्रदर्शन करने में कामयाब रहे। विजेता माता पिता को टोपी पहनाकर उपहार भेंट कर सम्मानित किया गया। हरिभूमि की ओर से वार्षिक कलेंडर भेंट कर माता पिता का सम्मान किया गया।





### पूर्णतः सजग रहे माता पिताः डॉ गुलाब साहू

समाजसेवी मानस मर्मज्ञ डॉ गुलाब साहू ने कहा कि बच्चे 6 घंटे विद्यालय में रहते है, शेष 18 घंटा पालक के पास, इस 18 घंटे में आपका संतान क्या मोबाइल में मस्त है या गलत दोस्तो के साथ दोस्ती निभा रहा है। माता पिता पूर्णतः सजग रहे, तभी विद्यालय का 6 घंटा आपके संतान का भविष्य संवारने में महती भूमिका निभा पाएगा। वर्ना विद्यालय भी परेशान रहेगा और भविष्य में माता में पिता भी परेशान रहेंगे। उन्होंने कहा कि समय काल परिस्थिति कह रही है, संतान को मोबाइल और गलत दोस्ती से बचाकर माता पिता अपने कलेजे के टुकड़े को होनहार बनाए।

### स्कूल के सतत संपर्क में रहे माता-पिताः दयानंद साहू

साहू समाज अध्यक्ष दयानंद साहू ने कहा कि संतान को होनहार बनाने माता पिता प्रभावी ढंग से स्कूल के सतत संपर्क में रहे। केवल स्कूल भेज देने मात्र से संतान का भविष्य संवरना बेमानी है। माता पिता गुरु के समवेत मंथन से ही संभव होने की संभावना बलवती होती है। विधार्थियो को नियंत्रित करने, उचित मार्गदर्शन का क्रियान्वयन कराने में गुरुजनो के लिए माता पिता का सीधा संवाद और प्रत्यक्ष भेंट सद परिणाम मूलक साबित होगा। खेतों में बीजारोपण कर अच्छी फसल के लिए जो मेहनत किसान करते है ठीक इसी तरह होनहार संतान के लिए भी किया जाना चाहिए।

# सशिमं व संत कबीर ज्ञान मंदिर में मना मातृ-पितृ दिवस

हरिभूमि न्यूज ▶▶| गुरूर

सरस्वती शिशु मंदिर और संत कबीर ज्ञान मंदिर खुंदनी के भैया बहनों ने मातृ पितृ दिवस कार्यक्रम का आयोजन किया। कार्यक्रम में मुख्य अतिथि कंवल सिह नेताम थे। विशेष अतिथि उर्मिला साहू, केशर सोनभद्र एवं पालक समिति अध्यक्ष गीतांजली साहू ने दीप प्रज्वलित कर कार्यक्रम का शुभारंभ किया। सभी भैया बहनों मां सरस्वती का वंदना गायन किया। भैया श्रेयांस ने हमारा लक्ष्य, बहन पलक ने पंचाग वाचन और बहन रिसीका साहू ने सुविचार प्रसुत किया।

कार्यक्रम मे बहन पूर्वी साहू, मोनिका, लक्ष्मी, टीमेश्वरी, मेघा, वान्या, दिशा, घनिका, चहक और अन्य भैया बहनों द्वारा माता पिता को समर्पित गीत, कविता प्रस्तुत की। द्रोपदी साहू ने मां की महिमा बखान करते हुए गीत सुनाए। सभी भैया बहनों ने सुंदर आरती थाली सजाकर माता पिता का पूजा कर चरण वंदन कर आशीर्वाद लिया। विद्यालय के दीदी भुवनेश्वरी साहू, गायत्री साहू, नेहा, टकेश्वरी एवं मुस्कान ने भैया बहनों को आरती में सहयोग प्रदान किया। श्रवण यादव, बाबूलाल नेताम, वंदना साहू, वीणा साहू, चंद्रप्रभा अग्रवाल, भगवती साहू, तीजबती यादव, ओमेश्वरी साहू और बहुत से पालकों ने कार्यक्रम मे उपस्थिति प्रदान किया। प्रधानाचार्य उर्मिला नेताम ने अपने उद्बोधन में कार्यक्रम की रुपरेखा, विद्यालय की योजना मातृ पितृ पूजन दिवस की आवश्यकता पर विचार प्रस्तुत किया। नेताम दीदी ने कहा कि बच्चा उसे कहा जाता है जिन्हे बचाने की जरूरत होती है। पालको से आग्रह किया की विद्यालय आने एवं जाने के समय बच्चों को प्रणाम करने जरूर कहें। उन्हे वीर बालकों की कहानी सुनाए। माता पिता की सेवा करने को कहे। संकोच न करे, अभी ये संस्कार नहीं दिया जाएगा तो ये बच्चे बड़े होकर माता पिता की सेवा करने में संकोच करेगें।




### सशिमं बालोद में हुआ मातृ पितृ पूजन कार्यक्रम



बालोद। सरस्वती शिशु मंदिर विद्यालय बालोद में मातृ पितृ पूजन कार्यक्रम का आयोजन स्कूल परिसर में किया। जिसमे 500 से अधिक बच्चो ने एक साथ बैठकर अपने अपने माता पिता की पूजा की, आरती उतारी एवं चरण वंदन किया एवं आर्शीवाद प्राप्त किया। इस दौरान कई भावुक क्षण भी आए जब माता पिता के आंखो से आश्रु धारा बहने लगी और माता पिता ने अपने बच्चो को गले लगा लिया।

# मातृ-पितृ पूजन दिवसः विद्यार्थियों ने माता-पिता को किया नमन

**बालोद।** स्वामी आत्मानंद उत्कृष्ट हिंदी माध्यम विद्यालय मे भारतीय संस्कृति की गौरवशाली परंपरा एवं पारिवारिक मूल्य के संरक्षण के उद्देश्य से मातृ पितृ पूजन दिवस का आयोजन किया गया। यह आयोजन विद्यार्थियों शिक्षकों एवं अभिभावकों की उपस्थिति में वेदांत समिति की ओर से किया गया।



कार्यक्रम का प्रारंभ दीप प्रज्वलन एवं मंगलाचरण से हुआ, प्राचार्य अरुण कुमार साहू ने कहा कि माता–पिता केवल जन्मदाता ही नहीं अपितु बालक के प्रथम शिक्षक, मार्गदर्शक एवं प्रेरणा स्त्रोत होते हैं, उनके त्याग, तपस्या, समर्पण से ही बच्चों का भविष्य आलोकित होता है। उन्होंने कहा आधुनिकता की दौड़ में हमें अपने माता–पिता के परिश्रम को नहीं भूलना चाहिए। हमें अपने संस्कार और परिवार के प्रति जिम्मेदारी को निभाना चाहिए। विद्यार्थियों ने अपने माता–पिता को तिलक लगाकर, पुष्प अर्पित कर, चरण स्पर्श करते हुए आशीर्वाद प्राप्त किया। यह दृश्य अत्यंत भाव विभोर एवं मर्मस्पशएँ और अपने माता–पिता के प्रति कृतज्ञ प्रदर्शित करने वाला रहा।

# बालोद में हुई 5 दिवसीय शिक्षक योग कार्यशाला में स्वास्थ्य और मानसिक संतुलन पर दिया गया जोर

हरिभूमि न्यूज ▶▶| बालोद



भारतीय संस्कृति में योग का इतिहास लगभग 5000 साल पुराना है. संस्कृत में योग का अर्थ है जुड़ना या मिलना, ऋग्वेद जैसे हमारे प्राचीन ग्रंथों में उल्लेखित योग सिर्फ तने के लिए नहीं है, बल्कि यह मन की शांति, एकाग्रता और खुद को जानने का एक तरीका है। छत्तीसगढ़ राज्य शासन के शिक्षा विभाग के निर्देश पर संचालक राज्य शैक्षिक अनुसंधान और प्रशिक्षण परिषद रायपुर के मार्गदर्शन में जिला शिक्षा संस्थान अछोटी दुर्ग में बालोद और दुर्ग जिले के 47 शिक्षकों ने 5 दिनों के आवासीय कार्यशाला में सहभागिता की। कार्यशाला में शिक्षको ने अष्टांग योग, षट्कर्म, योग–मुद्रा, योग –बंध, सूर्य नमस्कार की बारिकियो को समझा।

- अष्टांग योग, षट्कर्म, प्राणायाम और सूर्य नमस्कार का प्रत्यक्ष अभ्यास

शरीर ही धर्म का मुख्य माध्यम है, योग के परिचय एवं महत्व, अष्टांग योग, षट्कर्म, प्राणायाम, योग मुद्रा, योग बंध, स्थूल व्यायाम, सूक्ष्म व्यायाम, सूर्य नमस्कार, कुंजल क्रिया, जलनेति, नेत्र प्रक्षालन, सूत्र नेति, विद्याथएँ जीवन में योग से व्यक्तित्व विकास, शारीरिक एवं मानसिक तनाव प्रबंधन, नैतिक मूल्यपरक शिक्षा, मद्यपान व नशीले पदार्थों से बचाव, स्वच्छता इत्यादि गूढ़ ज्ञान से सैद्धांतिक तथा प्रायोगिक ज्ञान का प्रत्यक्ष अभ्यास इस कार्यशाला की सफल अनुभूति रही। इस महत्वपूर्ण जीवनोपयोगी प्रशिक्षण में योग मार्गदर्शक अनेश देशमुख, वीरेंद्र देवांगन व रेखराम साहू, प्रशिक्षण प्रभारी संदीप दुबे, योगाचार्य देवीप्रसाद शर्मा तथा प्राध्यापक शिशिरकना भट्टाचार्य ने बताया कि योग करने से पहले तन और मन के साथ आसपास का वातावरण भी स्वच्छता, खाली पेट, पेशाब और आंतों का खाली होना, शुरुआत में प्रार्थना या वंदना, धीरे–धीरे और सतर्कता, हल्की स्ट्रेचिंग और वॉर्म–अप करना मांसपेशियों की मजबूती, सही तकनीक एवं मुद्रा ध्यान, ढीले और आरामदायक कपड़े से आसन करने से शरीर में रक्त संचार, श्वास का नियंत्रण शरीर में ऊर्जा के सन्तुलन व मानसिक शांति, आसनों के बाद शरीर और मस्तिष्क को आराम देना तनाव से बचने तथा योग के पूर्ण लाभ हेतु कारगर उपाय है।

**इनकी रही सक्रिय भूमिका**- कार्यशाला में गुरूर विकासखंड के अजय कुमार वर्मा पेरपार, ईश्वरी कुमार सिन्हा चिटौद, दिलीप कुमार साहू जगतरा, अरुण कुमार साहू भिरई, हेमलाल पटेल खुंदनी, द्वारिका भारद्वाज गुरूर, संतराम साहू अलोरी ने ऊर्जायुक्त सहभागिता प्रदान की। योग कार्यशाला में प्रतिदिन प्रातःकालीन भजनांजली, प्रेरक गीत, छत्तीसगढ़ी लोक संगीत, गीत–गजल तथा समस्त यौगिक सत्रें में सक्रिय भूमिका रही।

# विधायक ने रामायण से मार्गदर्शन लेने और सामाजिक-सांस्कृतिक विकास पर दिया जोर

हरिभूमि न्यूज ▶▶| गुरूर



आदर्श ग्रापं अरकार में त्रिदिवसीय मानसगान एवं शिवरात्रि महोत्सव का भव्य आयोजन किया गया। इस आयोजन के शुभारंभ की मुख्य अतिथि संजारी बालोद विधायक संगीता सिन्हा थी। अध्यक्षता पूर्व सभापति जिला पंचायत बालोद केदारनाथ देवांगन ने किया। विशेष अतिथि चंद्रकला साहू, तामेश्वर साहू, बसंत सोनबेर, अंजनी चौधरी, उमेश कुमार साहू, सरपंच बेलहारी मनीष अग्रवाल, शिव कुमार सिन्हा एवं उपसरपंच ग्राम पंचायत अरकार मनोज ठाकुर उपस्थित रहे।

संजारी बालोद विधानसभा की विधायक संगीता सिन्हा ने अपने विधानसभा क्षेत्र के ग्राम अरकार मे मानस प्रचार समिति द्वारा आयोजित तीन दिवसीय मानसगान एवं शिवरात्रि महोत्सव के शुभारंभ अवसर पर आयोजक समिति एवं समस्त ग्रामवासी को सफल धार्मिक आयोजन के लिए बधाई देते हुए कहा कि यह केवल एक प्राचीन ग्रंथ नहीं, बल्कि जीवन जीने की कला सिखाने वाला मार्गदर्शक है। रामायण मर्यादा, धर्म और कर्तव्य का अद्वितीय संगम है। उन्होने कहा रामायण हमें सिखाती है कि जीवन में सत्य और न्याय के मार्ग पर कैसे चलना चाहिए। भगवान राम का मर्यादा पुरुषोत्तम स्वरूप, जो हर परिस्थिति में संयम और धैर्य का परिचय देते हैं। लक्ष्मण और भरत का भाई के प्रति निःस्वार्थ प्रेम और माता सीता का समर्पण। बुराई पर अच्छाई की जीत, अधर्म पर धर्म की विजय का संदेश। रामायण के माध्यम से कर्तव्य परायणता का सर्वोच्च उदाहरण पेश किया। विधायक जी ने श्रोताओं से निवेदन करते हुये कहा कि हमें भी हर परिस्थिति में धर्म के मार्ग पर अडिग रहना चाहिए, साथ ही साथ गाँव मे विकास कार्यों के लिए आश्वासन भी दिया। कार्यक्रम मे प्रमुख रुप से रिटायर्ड पुलिस ऑफिसर सुभाष चौधरी, सरपंच ग्राम पंचायत अरकार खेमलाल देवांगन, सेक्टर अध्यक्ष दिलीप केसरवानी, विधायक प्रतिनिधि गौकरण साहू, बूथ अध्यक्ष अरकार राजेन्द्र सेन, अध्यक्ष एवं पदाधिकारी गण रामायण समिति अरकार, अध्यक्ष एवं पदाधिकारी गण ग्राम विकास समिति अरकार, सहित ग्रामवासी अरकार उपस्थित थे।

# महाशिवरात्रि से पहले हुई शिवलिंग स्थापना

हरिभूमि न्यूज ▶▶| डौंडीलोहारा

समीप के ग्राम उरेटा में महाशिवरात्रि के पावन पर्व पर एक दिन पूर्व शनिवार, 13 फरवरी को श्रद्धा और उत्साह के साथ शिवलिंग की स्थापना की गई। यह धार्मिक आयोजन समस्त ग्रामवासियों के सहयोग से संपन्न हुआ। वैदिक मंत्रोच्चार के बीच ब्राह्मणों द्वारा विधि-विधानपूर्वक प्राण-प्रतिष्ठा कर शिवलिंग को स्थापित किया गया। इस अवसर पर गांव का वातावरण पूरी तरह भक्तिमय हो उठा और बड़ी संख्या में श्रद्धालु उपस्थित रहे। स्थापना कार्यक्रम में महिलाओं, युवाओं और बुजुर्गों ने बढ़-चढ़कर भाग लिया। ग्रामीणों ने सामूहिक रूप से पूजा-अर्चना कर भगवान



शिव से सुख-समृद्धि और गांव की खुशहाली की कामना की। रात्रि में ग्राम सिरपुर की मंडली द्वारा रामायण पाठ का विशेष आयोजन रखा गया, जिसमें श्रद्धालुओं ने देर रात तक भक्ति रस का आनंद लिया।

कार्यक्रम के दूसरे दिन प्रातःकाल शिवलिंग की विशेष आरती एवं पूजन किया जाएगा, जिसके पश्चात महाप्रसादी का वितरण किया जाएगा। आयोजन को सफल बनाने में ग्रामवासियों का उल्लेखनीय सहयोग रहा। उक्त जानकारी नरोत्तम तामुरिया द्वारा प्रदान की गई।



पेज 11 का शेष...

### जमानत पर छूटे...

था। पुलिस ने दोनों शवों को कब्जे में लेकर पंचनामा कार्रवाई के बाद पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया है। थाना प्रभारी ने बताया कि प्रारंभिक जांच में मामला आपसी विवाद और पूर्व में दर्ज प्रकरण से जुड़ा प्रतीत हो रहा है। पुलिस हत्या के कारणों और पूरे घटनाक्रम की बारीकी से जांच कर रही है। पोस्टमार्टम रिपोर्ट के बाद ही स्थिति और स्पष्ट हो सकेगी। घटना के बाद गांव में शोक और आक्रोश का माहौल है। बड़ी संख्या में ग्रामीण घटनास्थल पर एकत्र हो गए थे। पुलिस ने लोगों से शांति बनाए रखने की अपील की है। आंगनबाड़ी कार्यकर्ता के पद पर कार्यरत थी मृतका- पुलिस से मिली जानकारी के अनुसार मृतका की पहचान उगेश्वरी देवांगन (54) के रूप में हुई है, जो गांव में आंगनबाड़ी कार्यकर्ता के पद पर कार्यरत थीं। करीब 15 वर्ष पूर्व उगेश्वरी के पति ने आत्महत्या कर ली थी। उगेश्वरी के दो बच्चे हैं, जिनकी शादी हो चुकी है। वहीं आरोपी लखन भी शादीशुदा था और उसके दो बेटे हैं।



विज्ञापन हेतु संपर्क करें : 0771-4242213, 7987119756, 9303508130

## खबर संक्षेप



### महाशिवरात्रि पर पुलगांव में जस झांकी का आयोजन

**अंडा।** महाशिवरात्रि पर पुलगॉव में नवयुग दुर्गाउत्सव समिति के तत्वावधान में धार्मिक एवम सांस्कृतिक कार्यक्रम का आयोजन 15 फरवरी रविवार को राम मंदिर प्रांगण में किया जा रहा है समिति के संरक्षक लक्ष्मीकांत दुबे (रज्जु) ने बताया कि राम मंदिर प्रांगण में सुबह शिव जी की विशेष पूजा अर्चना एवम जलभिषेक कर रात्रि कालीन जय मां शीतला जस झांकी परिवार पाटन की अनुपम प्रस्तुति दी जाएगी। जस झांकी परिवार द्वारा गीत- संगीत एवम लीला के माध्यम, से शिव पार्वती विवाह, महिसासुर वध की कथा दिखाई जाएगी। समिति के संचालक दिनेश यादव, सतीस साहू, गोकुल धनराज साहू, विनोद साहू, सन्दीप निषाद ने आमजनमानस से अधिक से अधिक संख्या में उपस्थित होने की अपील की है।

### गुरूर तहसील में मिला भाजयुमो को नया नेतृत्व

**गुरूर।** तहसील गुरूर के भाजपा संगठन के तीनों मंडलो के युवा मोर्चा को नया नेतृत्व मिल गया है।





जिसमे गुरूर लोकेन्द्र हिरवानी, सनौद मितेश साहू, मिर्रीटोला पुरूर अजय साहू को भाजयुमो मंडल अध्यक्ष बनाया गया है। प्रदेश भाजपा महामंत्री यशवंत जैन, जिला भाजपा अध्यक्ष चेमन देशमुख, जनसेवक बालोद राकेश यादव, युवा मोर्चा अध्यक्ष गुलशन साहू, कौशल साहू, नंदकिशोर शर्मा, ईशाप्रकाश साहू, जिला पंचायत सभापति चंद्रिका गंजीर, तेजराम साहू, लक्ष्मी अशोक साहू, लखन लाल गुरूपंच, जनपद पंचायत उपाध्यक्ष दुर्गानंद साहू, सभापति नरेश साहू, आशीश साहू, गुलाब सिन्हा, नंदकुमार साहू, होमप्रकाश साहू, नीलांबर साहू, शानू देशमुख, दोमेश निर्मलकर, अनमोल बग्गा, प्रांजल कंसारी खेमलाल देवागन, नरेश साहू, पूरब देवांगन, दुर्गानंद साहू, ललित गजेंद्र, मनीष साहू, बालक साहू, अशोक साहू, घनेद्र साहू आदि ने हर्ष व्यक्त किया।

### गौरैयां सिद्ध शक्ति पीठ ट्रस्ट की बैठक आज

**लाटाबोड़।** सभी सम्मानित सदस्यों को सूचित किया जाता है कि 15 फ़रवरी रविवार को समय 1 बजे मंदिर ट्रस्ट न्यास श्री गौरैयां सिद्ध शक्ति पीठ चौरेल की आवश्यक बैठक मंदिर प्रांगण मे रखा गया है। जिसमें आप सभी सम्मानित सदस्यों की उपस्थिति अनिवार्य है। समिति के सचिव चुरामन चंद्राकर ने बताया बीते मेला पर्व 2026 की आय व्यय के अलावा चैत्र नवरात्रि पर्व की तैयारी के अन्य विषय अध्यक्ष एवं सदस्यों के विचार विमर्श किया जायेगा।

## आयोजन : ग्रामीण स्वास्थ्य सेवाओं के लिए मितानिनों को किया गया सम्मानित

# अंडा में हुआ मितानिन स्वस्थ पंचायत सम्मेलन

हरिभूमि न्यूज ▶▶| अंडा

दुर्ग ग्रामीण विधान सभा क्षेत्र अंतर्गत ग्राम नगपुरा में आयोजित विकासखंड स्तरीय मितानिन स्वास्थ्य पंचायत सम्मेलन जनसवांद कार्यक्रम का भव्य आयोजन किया गया। कार्यक्रम का विधिवत शुभारंभ ज्ञान दायिनी मां सरस्वती के तैल चित्र माल्यारोपण रोपण पूजा अर्चना कर किया गया।

■ स्वास्थ्य शिविर में चैकअप और प्रेरक जनसंवाद का आयोजन

इस अवसर पर स्वास्थ शिविर में स्वास्थ चैकअप कराया और लोगों को स्वास्थ चैक कराने प्रेरित किया और उत्कृष्ट कार्य करने वाले मितानिन दीदियों को सम्मानित किया गया। अपने संबोधन में दुर्ग ग्रामीण विधायक ललित चंद्राकर ने कहा कि मितानिन बहनों की सेवा और समर्पण अतुलनीय है। उन्होंने कहा कि मितानिन स्वास्थ्य विभाग की रीढ़ की हड्डी हैं और मातृ एवं शिशु मृत्यु दर को कम करने में उनका महत्वपूर्ण योगदान रहा है। आगे श्री चंद्राकर ने कहा कि मितानिन सरकारी कर्मचारी नहीं होते हुए भी निस्वार्थ भाव से कार्य करती हैं और केवल प्रोत्साहन राशि पर सेवाएं देती हैं। उन्होंने बस्तर बीजापुर और जशपुर क्षेत्र के उदाहरण देते हुए बताया कि कठिन परिस्थितियों, बाढ़ और दुर्गम क्षेत्रों में भी मितानिनों ने पहुंचकर सुरक्षित प्रसव और स्वास्थ्य सेवाएं सुनिश्चित की हैं। उन्होंने आगे कहा, मितानिन बहनें ग्रामीण एवं शहरी अंचलों में स्वास्थ्य सेवाओं की सबसे सशक्त और भरोसेमंद कड़ी हैं। शासन की स्वास्थ्य एवं जनकल्याणकारी योजनाओं का लाभ अंतिम व्यक्ति तक पहुँचा रही मितानिन बहनें ग्रामीण स्वास्थ्य की धुरी हैं। सरकार आपके हर प्रयास के साथ कंधे से कंधा मिलाकर खड़ी है। आप सभी को महाशिवरात्रि पर्व की हार्दिक शुभकामनाएं। जनपद अध्यक्ष कुलेश्वरी देवांगन ने अपने उद्बोधन में कहा, मितानिन बहनों की सेवा और समर्पण को मैं सलाम करती हूँ। वे हमारे समाज के लिए एक महत्वपूर्ण योगदान देती हैं और हमें उनके कार्यों को पहचानने और सम्मानित करने की आवश्यकता है। मैं इस अवसर पर सभी मितानिन बहनों को उनके उत्कृष्ट कार्य के लिए बधाई देती हूँ और उन्हें सम्मानित करने का अवसर प्राप्त करने के लिए आभारी हूँ। इस कार्यक्रम में बतौर मुख्य अतिथि के रूप में दुर्ग ग्रामीण विधायक ललित चंद्राकर सहित जिला पंचायत सदस्य प्रिया साहू, जनपद अध्यक्ष कुलेश्वरी सुखदेव देवांगन, सी.बी.एस. बंजारे मितानिन नोडल अधिकारी, बी.एम.ओ. देवेन्द्र बेलचंदन, जनपद उपाध्यक्ष राकेश हिरवानी, सरपंच संघ अध्यक्ष ओमेश्वर यादव, उपाध्यक्ष करण सेन, जिला मंत्री गिरेश साहू, मंडल अध्यक्ष हेमंत सिन्हा, महामंत्री पुराण देशमुख,नगपुरा सरपंच सरोज रिगरी, निकुम सरपंच भागवत पटेल, विनायकपुर सरपंच योगेन्द्र दिल्लीवार, बेलोदी सरपंच ललिता, तिरगा सरपंच घसिया राम देशमुख, कातरो सरपंच जीतेन्द्र सोनी,दमोदा सरपंच गायत्री साहू, चिरपोटी सरपंच पूजा चन्द्राकर, अंजोरा सरपंच प्रेवीन, गनियारी सरपंच संतोषी साहू, सरपंच रस्मड़ा, मोतिम निषाद खपरी सरपंच अनुसूईया साहू, पिपरछेड़ी सरपंच ललिता निषाद, व बड़ी संख्या में मितानिन बहनों की उपस्थिति में सम्पन्न हुआ।




### विनायकपुर में मितानिन दिवस पर हुआ सम्मान समारोह

**अंडा।** विनायकपुर में आंगनबाड़ी कार्यकर्ता, सहायिका एवं मितानिन दिवस के उपलक्ष्य में सम्मान समारोह का आयोजन किया गया। कार्यक्रम में ग्राम पंचायत के जनप्रतिनिधियों की उपस्थिति में क्षेत्र में स्वास्थ्य एवं पोषण सेवाओं में योगदान देने वाली सभी मितानिनों का सम्मान किया गया। कार्यक्रम में वक्ताओं ने कहा कि मितानिनें गांव में स्वास्थ्य सेवाओं की मजबूत कड़ी हैं, जो मातृ एवं शिशु स्वास्थ्य, टीकाकरण और जागरूकता अभियान में महत्वपूर्ण भूमिका निभा रही हैं। उनके समर्पण और सेवा भावना से ही ग्रामीण क्षेत्र में स्वास्थ्य सुविधाएं मजबूत हो रही हैं। मितानिन सम्मान के अंतर्गत सेवती चंद्राकर,



मीणा सूर्यवंशी, कल्याणी देशमुख, देवकी पटेल, मधु पटेल, पदमा चंद्राकर, रूपा चंद्राकर, रुक्मणी चंद्राकर, मंजू धनकर, भागेश्वरी साहू, कलेश्वरी साहू सहित सभी मितानिनों को साड़ी, श्रीफल भेंट कर सम्मानित किया गया। आंगनवाड़ी कार्यकर्ता गोमती देवांगन, सुभाष देवांगन, प्रमिला साहू, शकुंतला ढीमर तथा सहायिका सूलोचना साहू, कुसुम, गोमती ढीमर, मालती ढीमर की सक्रिय भागीदारी रही। ग्राम पंचायत विनायकपुर के सरपंच योगेन्द्र दिल्लीवार, शशि ठाकुर एवं उपसरपंच सहित पंच वार्ड सदस्य— दुजबाई साहू, टीकाराम पटेल, द्रोपती चन्द्राकर, खिलेन्द्र चन्द्राकर, लतेश्वरी साहू, विक्रम सिंह साहू, जगन्नाथ देवांगन, दानेन्द्र कुमार नेताम, जनक साहू, चन्द्रकला धीवर, दिनेश सिंह देशमुख, धामिन बाई साहू, मंजू गजपाल, रेखलाल देवांगन, हीरालाल चन्द्राकर, त्रसित बाई देवांगन, निशा साहू, बोदिया बाई निषाद, जाशल कुमार सूर्यवंशी उपस्थित रहे।

## टीचर्स एसोसिएशन ने ज्ञापन सौंपकर की पूर्व सेवा गणना और पेंशन सुधार की मांग

हरिभूमि न्यूज ▶▶| डौंडीलोहारा

शिक्षक (एलबी) संवर्ग की पूर्व सेवा गणना कर पेंशन, क्रमोन्नति तथा टेट की अनिवार्यता समाप्त करने सहित विभिन्न मांगों को लेकर छत्तीसगढ़ टीचर्स एसोसिएशन ने ज्ञापन सौंपा। प्रांतीय आह्वान पर टीचर्स एसोसिएशन ब्लॉक इकाई डौंडीलोहारा के पदाधिकारियों एवं शिक्षकों ने क्षेत्रीय विधायक अनिला भेड़िया के माध्यम से मुख्यमंत्री, शिक्षा मंत्री, वित्त मंत्री, शिक्षा सचिव एवं लोक शिक्षण संचालनालय के संचालक के नाम कलेक्टर व जिला शिक्षा अधिकारी को ज्ञापन प्रेषित किया।

संगठन द्वारा दो अलग-अलग मांगपत्र प्रस्तुत किए गए। ज्ञापन में उल्लेख किया गया कि माननीय उच्च न्यायालय बिलासपुर द्वारा पारित निर्णय दिनांक 23 जनवरी 2026 के तहत पूर्व सेवा की गणना



करते हुए संविलियन पूर्व सेवा को पेंशन योग्य सेवा मान्य किया जाए तथा इस संबंध में शीघ्र शासन स्तर पर आदेश जारी किया जाए। इसके अतिरिक्त केंद्र सरकार के समान 33 वर्ष के स्थान पर 20 वर्ष की अर्हकारी सेवा पर पूर्ण पुरानी पेंशन (50 प्रतिशत) का प्रावधान लागू करने तथा न्यूनतम पुरानी पेंशन के लिए 10 वर्ष के बजाय 5 वर्ष की सेवा निर्धारित करने की मांग की गई। ज्ञापन में पदोन्नति से वंचित सहायक शिक्षकों एवं शिक्षकों को दस वर्ष की सेवा में एक बार शिथिलता (वन टाइम रिलैक्सेशन) देते हुए पांच वर्ष में क्रमोन्नति प्रदान करने, टेट की अनिवार्यता समाप्त करने, विभागीय सीमित परीक्षा आयोजित कर शिक्षकों के हितों की रक्षा करने तथा डीएड योग्यताधारी शिक्षकों के लिए छह माह का बीएड ब्रिज कोर्स प्रारंभ करने की मांग भी शामिल है। साथ ही मोबाइल वीएसके एप के स्थान पर बायोमेट्रिक मशीन से उपस्थिति दर्ज कराने की व्यवस्था लागू करने का आग्रह किया गया। ज्ञापन सौंपने के दौरान ब्लॉक अध्यक्ष अविनाश कुमार साहू, सचिव विजय पटेल, जिला महासचिव रविंद्र नाथ योगी, आईटी सेल प्रभारी शिवेंद्र बहादुर साहू, महामंत्री परमानंद साहू, सहसचिव कार्तिक राम रात्रे, सदस्य दिनेश नायक, भूपेंद्र पटेल सहित अन्य पदाधिकारी एवं शिक्षक उपस्थित रहे। संगठन ने शासन से मांगों पर शीघ्र सकारात्मक निर्णय लेने की अपेक्षा जताई है।

## भक्त माता कर्मा जयंती पर दल्लीराजहरा में दो दिवसीय महोत्सव, सामूहिक आदर्श विवाह आज

हरिभूमि न्यूज ▶▶| दल्लीराजहरा

तहसील साहू संघ के तत्वावधान में प्रति वर्ष की परंपरा को आगे बढ़ाते हुए इस वर्ष भी समाज की आराध्य देवी संत शिरोमणि भक्त माँ कर्मा की जयंती के अवसर पर दो दिवसीय भव्य आयोजन किया जा रहा है।

■ अन्य समाजों के स्वजातीय वर-वधु भी ले सकेंगे नि:शुल्क विवाह का लाभ

इस क्रम में 15 मार्च, पापमोचनी एकादशी के पावन अवसर पर भक्त माँ कर्मा महोत्सव एवं निःशुल्क सामूहिक आदर्श विवाह का आयोजन माँ कर्मा मंदिर प्रांगण, गांधी चौक में किया जाएगा। कार्यक्रम का शुभारंभ 14 मार्च (शनिवार) को शाम 4 बजे कलश शोभायात्रा से हुआ।

15 मार्च 2026 (रविवार) को आयोजित होने वाले निःशुल्क सामूहिक आदर्श विवाह कार्यक्रम में साहू समाज के वर-वधु के साथ-साथ अन्य समाजों के स्वजातीय वर-वधु भी सम्मिलित हो सकेंगे। इसके साथ ही समाज की वे बेटियाँ एवं बहनें जो अल्पायु में विधवा हुई हैं, उनके



पुनर्विवाह की व्यवस्था भी समाज द्वारा की जाएगी। यह आयोजन सामाजिक समरसता, सेवा और सहयोग का प्रेरणादायी उदाहरण बनेगा। संघ सचिव राजेश कुमार साहू ने बताया कि सामूहिक विवाह हेतु इच्छुक परिवार तहसील साहू संघ के पदाधिकारियों एवं परिक्षेत्रीय अध्यक्षों के पास पंजीयन करा सकते हैं। विवाह के लिए वर की आयु 21 वर्ष एवं वधू की आयु 18 वर्ष पूर्ण होना अनिवार्य है तथा दोनों स्वजातीय होना आवश्यक है। आसपास के विवाह योग्य युवक-युवतियों के लिए भी संपर्क कर पंजीयन की अपील की गई है।

इस आयोजन की तैयारियों को लेकर हुई बैठक में बड़ी संख्या में पदाधिकारी एवं सामाजिक कार्यकर्ता उपस्थित रहे,यह आयोजन श्रद्धा, संस्कार और सामाजिक एकता का सशक्त प्रतीक बनकर पूरे क्षेत्र में प्रेरणा का संदेश देगा। जिनमें प्रमुख रूप से तोरण लाल साहू, गोविंद साहू, कुंती साहू, राजेश कुमार साहू, घनाराम साहू, चूड़ामणि साहू, किशोर साहू, विजय साहू, मनहरण लाल साहू, राजकुमार साहू, पीतांबर साहू, प्रकाश साहू, भोजराम साहू, दिनेश साहू, शेखर साहू, लिलेश्वरी साहू, खेमिन साहू, नम्रता साहू एवं अन्य सामाजिक सदस्य उपस्थित रहे।

## भाजयुमो ने की जिला पदाधिकारियों व मंडल अध्यक्षों की घोषणा

हरिभूमि न्यूज ▶▶| बालोद

जिला युवा मोर्चा अध्यक्ष गुलशन साहू द्वारा अपने जिला पदाधिकारी, जिला कार्यकारिणी एवं मंडल अध्यक्षों की घोषणा की गई। उक्त घोषणा गुलशन साहू ने भारतीय जनता पार्टी के प्रदेश अध्यक्ष किरण सिंह देव, प्रदेश संगठन महामंत्री पवन साय तथा भारतीय जनता पारा मोर्चा के प्रदेश अध्यक्ष राहुल टिकरिया के मार्गदर्शन में, संभाग एवं जिला प्रभारी के निर्देशानुसार तथा भाजपा जिला अध्यक्ष देशमुख की अनुशंसा उपरांत की।जिसमे उपाध्यक्ष सौरभ जैन, संजीव मानकर, डोमेन्द्र देशमुख, डाकेश साहू, कुलदीप यादव, महामंत्री अनुप देशमुख, हिमांशु साहू, मंत्री आशुतोश कौशिक, देवेन्द्र साहू, धनंजय साहू, एमएस श्रीजीत, देवेन्द्र सिन्हा, लवण साहू, कोशाध्यक्ष मयंक अग्रवाल, सह कोशाध्यक्ष अंकुश कुंजाम, ढालेन्द्र सार्वा, मिडिया प्रभारी अभिन्न यादव, सह मिडिया प्रभारी भूशण साहू, सोशल मिडिया सुमित जैन, सह सोसल मिडिया प्रशांत चौरडिया, कार्यालय मंत्री राहूल साहू, कार्यालय सह मंत्री जीत यादव,



जिला प्रशिक्षण प्रमुख कौशल सिन्हा, जिला प्रशिक्षण सहप्रमुख रवि साहू, प्यारे निशाद, जिला आईटी सेल प्रभारी भीम साहू, जिला आईटी सेल सह प्रभारी आदित्य पांडे, शासकीय योजना स्वाध्याय छबिलाल कोर्राम, जिला प्रचार प्रसार प्रमुख जागेश्वर ढीमर, जिला प्रचार प्रसार सह प्रमुख डुमेन्द्र राव, जिला कन्या शक्ति संयोजिका नम्रता साहू, खेल एवं कला प्रमुख गजेन्द्र महमल्ला, खेल एवं कला सह प्रमुख सौरभ चौधरी, नीति एवं अनुसंधन प्रमुख लालवीर राजपूत, नीति एवं अनुसंधान सह प्रमुख विश्वजीत तिवारी, जिला कार्यकारिणी सदस्य पार्थ साहू, त्रिलोकी साहू, हर्श साहू, सुशील अमला, नमन जैन, शैलेन्द्र साहू, सारंग चन्द्राकर, राहुल जैन, दीपक साहू, कुशल जुरेसिया, रजत जैन, मधु देशमुख, मोहित साहू, श्यामसुंदर साहू, नीतिश साहू, सूर्यकांत गजेन्द्र, राहुल साहू, दयाराम सिन्हा, गणेश भारती, ताराचंद साहू, देवांश देवांगन, मोपेन्द्र साहू, सौम्या साहू, साहिल सांवलकर, ललित साहू, मनोज साहू, उत्सव जैन, टोवेन्द्र साहू, निलाम्बर साहू, चिंटु राजा साहू, प्रवीण सारडा, अनिल कुमार डाहरे, विराट राजपूत, प्रदीप सोनी, डिलेन्द्र साहू को बनाया गया है। गुलशन साहू ने जिला कार्यकारिणी के साथ जिले के सभी सत्रह मंडलो में भारतीय जनता युवा मोर्चा जिला बालोद के अंतर्गत मण्डल अध्यक्षो की घोषणा भी की। जिसमे बालोद राहुल सोनी, जुंगेरा लोकेश देवांगन, करहीभदर देवेन्द्र ओटी, गुरूर लोकेन्द्र हिरवानी, सनौद मितेश साहू, मिर्रीटोला पुरूर अजय साहू, डौण्डीलोहारा हिरेन्द्र गायकवाड़, रेंगाडबरी प्रीतम देशमुख, डौण्डी शिवम दुबे, दल्लीराजहरा सागर गनीर, गुण्डरदेही नीतीश सोनकर, सिकोसा आशीश दिल्लीवार, ओटेबंद तुलसी साहू, अर्जुन्दा नवीन राजपूत, सुरेगांव देवेन्द्र जोशी, देवरी फनेश्वर साहू, कुसुमकसा सचिन साहू को बनाया गया है।

## नहर खपरी में आरसीसी ब्रिज का निर्माण का भूमिपूजन

हरिभूमि न्यूज ▶▶| अंडा

ग्रापं गोरकापार के आश्रित ग्राम नहर खपरी में बांध के रपटा के पास आरसीसी ब्रिज निर्माण हेतु भूमिपूजन कार्यक्रम संपन्न हुआ। इस पुल के निर्माण से नहर खपरी से पांगरी ग्राम का सीधा संपर्क स्थापित होगा, जिससे आसपास के गांवों के लोगों को आवागमन में बड़ी सुविधा मिलेगी। ग्रामीणों और जनप्रतिनिधियों द्वारा लंबे समय से पुल निर्माण की मांग की जा रही थी। निरंतर प्रयासों के परिणामस्वरूप मुख्यमंत्री विष्णु देव साय द्वारा इस पुल के लिए 2 करोड़ 44 लाख रुपये की स्वीकृति प्रदान की गई है। स्वीकृति मिलने पर ग्राम पंचायत, जनप्रतिनिधियों और समस्त ग्रामवासियों ने मुख्यमंत्री के प्रति आभार व्यक्त किया।



भूमिपूजन कार्यक्रम में मुख्य अतिथि के रूप में जिला पंचायत अध्यक्ष तारनी चंद्राकर उपस्थित रहीं। कार्यक्रम की अध्यक्षता जनपद अध्यक्ष पुरुषोत्तम चंद्राकर ने की। इस अवसर पर जिला पंचायत सदस्य कांति सोनेश्वरी, ग्राम पंचायत गोरकापार की सरपंच रामेश्वरी चंद्राकर, भाजपा मंडल अध्यक्ष कुलदीप साहू, महामंत्री तुलेश्वर चंद्राकर, उपसरपंच तोमन चंद्राकर सहित पंचगण मोहित चंद्राकर, निर्मला धीवर, सुनीता साहू, खोमीन साहू, रमा रानी पाटिल, खुमान साहू, ओमीन यादव, जगत धीवर तथा जल संसाधन विभाग के अधिकारी-कर्मचारी एवं बड़ी संख्या में ग्रामवासी उपस्थित रहे। ग्रामीणों ने उम्मीद जताई है कि पुल निर्माण कार्य शीघ्र प्रारंभ होकर तय समय सीमा में पूर्ण होगा, जिससे क्षेत्र के विकास को नई गति मिलेगी।

### डिवाइडर में टकराने से युवक की मौत

**भिलाई।** सड़क हादसे में बाइक सवार की मौके पर मौत हो गई। घटना की जानकारी लगने पर मौके पर पहुंची पुलिस ने शव को पीएम के लिए भेज दिया। भिलाई तीन पुलिस ने बताया कि खुर्सीपार निवासी भूपेन्द्र यादव अपनी बाइक सीजी 11एई 8440 में दोस्त के साथ सवार होकर हथखोज काम कर निकला था। इस दौरान एमआर कंपनी के पास अचानक साइकल सवार सामने आ गया।

तुरंत आराम के लिए
तुलसी आयुर्वेदिक चिकित्सालय
पता - तुलसी निवास, बस स्टैंड के पीछे, उपाध्याय नर्सिंग होम के सामने, धमतरी मो.नं. : 9993010732
लकवा रोग, वातरोग - सभी प्रकार के दर्द, गठियाबात, साइटिका, झुनझुनी वात, कमरदर्द, घुटना दर्द, अकड़न, नस रोग का इलाज
चर्मरोग - दाद, खुजली, वेमची, मुंह में छला होना का इलाज
पेट रोग - कब्ज, गैस, भूख न लगना, खट्टी डकार आना का इलाज
बवासीर - मस्सा होना, खून निकलना, खुजली होना का इलाज
पुरूष रोग - धातुस्राव, शीघ्रपतन व कमजोरी का इलाज
स्त्री रोग - लाल, सफेद पानी आना, मासिक रुकावट का इलाज
बुखार, खांसी, स्वांसरोग, मूत्ररोग, केशरोग, दांतरोग का इलाज

## 1200 वर्ष प्राचीन मंदिर में अभिषेक, रुद्राभिषेक और विशेष श्रृंगार

# कालभैरव देउर मंदिर में महाशिवरात्रि पर तीन दिनी महाअनुष्ठान

हरिभूमि न्यूज ▶▶| गुरूर

नगर में स्थापित 1200 साल पुराने ऐतिहासिक कालभैरव देउर मंदिर में महाशिवरात्रि पर्व पर तीन दिवसीय अनुष्ठान शनिवार से प्रारंभ हो गया। प्रथम दिवस महाकाल मंदिर में भगवान शिव का अभिशेक किया गया एवं तैयारी का अंतिम रूप देते हुए महाशिवरात्रि पर्व विभिन्न अनुष्ठान प्रारंभ किए गए। समस्त पूजन व अनुष्ठान आचार्य पंडित सुरेश पांडेय के मार्गदर्शन व निर्देशानुसार पंडित निखिल पाडेय द्वारा कराया जाएगा।

■ निशिकाल में पंचाक्षरी मंत्र एवं महामृत्युंजय जाप होगा

14 फरवरी को संध्या रूद्वाभिशेक प्रारंभ किया गया। रात्रि में भगवान महाकाल काविशेष श्रृंगार किया गया। आज 15 फरवरी को महाशिवरात्रि पर महाकाल का दरबार आम भक्तो के लिए प्रातः 5 बजे से खुलेगा एवं अनुष्ठान प्रारंभ हो जाएगा। इस दौरान महाकाल मंदिर व देऊर मंदिर में स्थापित पशुपतिनाथ मंदिर एवं श्री रामे"वरम मंदिर में भगवान शिव का अभिशेक श्रृंगार व मंदिर परिसर में दिन भर अनुष्ठान पूजन, भजन, कीर्तन होगा। समस्त कार्यक्रम भक्त मंडलियो द्वारा आयोजित एवं प्रयोजित होंगे। 15 फरवरी को संध्या आरती के बाद निशिकाल में रात्रि 11:52 बजे रूद्वाभिशेक प्रारंभ होगा। मध्य रात्रि को विशिष्ट अनुष्ठान के दौरान पंचाक्षरी मंत्र का पाठ, महामृत्युंजय मंत्र का जाप एवं शिव अमोघ कवच का पाठ किया जावेगा।




तृतीय दिवस 16 फरवरी को प्रातः से ही पुनः भगवान शिव का पूजन एवं अनुष्ठान प्रारंभ होगा, प्रातः 10 बजे से पार्थिव शिवलिंग निर्माण पूजन व हवन के साथ पूर्णाहुति के साथ तीन दिवसीय महाशिवरात्रि पर्व का समापन होगा। 16 फरवरी को होने वाले पार्थिव शिवलिंग निर्माण के लिए विशेष प्रकार की सप्त मिट्टी की आवश्यकता होती है जिसकी व्यवस्था मंदिर समिति द्वारा रहेगी, अनपूजन सामग्री भक्तो को स्वयं लाना होगा। मंदिर समिति ने बताया कि तीन दिवसीय अनुष्ठान में इच्छुक सभी श्रद्वालु सम्मिलित हो सकते है। भगवान शिव का दरबार सभी के लिए खुला हुआ है, अनुष्ठान में सम्मिलित होने के लिए श्रद्वालुओ को पूर्व सूचना देना होगा जिससे बैठक व्यवस्था बन सके। अनुष्ठान में सम्मिलित होने वाले श्रद्वालुओ को आचार्य के निर्देशो व अनुष्ठान के नियमो का पालन करना होगा।

online Booking:-www.tripuryatra.com


बिलासपुर, रायपुर, दुर्ग, गोंदिया से होकर
स्पेशल ट्रेन से - 12 मार्च से 22 मार्च 2026 (11 दिन)
रामेश्वरम् धाम यात्रा
श्री रामेश्वरम् धाम ज्योतिर्लिंग, श्री तिरूपति बालाजी, श्री मल्लिकार्जुन ज्योतिर्लिंग, मदुरै श्री मीनाक्षीदेवी, श्री कन्याकुमारी
राशि :- स्लीपर 14,900/-, 3 एसी-23,900/-, 2 एसी 28,900/- (+5% GST)
Since-2007
श्री त्रिपुर तीर्थ यात्रा सेवा समिति
संपर्क करें:-7354 411411